डाक पंजीयन सं. जयपुर सिटी/ 110/2024-26

R.N.I. NO. RAJHIN/2006/16735 राजस्थान एवं केन्द्र सरकार से विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त

website: www.royalpatrika.com
G-mail: royalpatrika@gmail.com
Yahoo: royal_patrika@yahoo.com

रॉयल पत्रिका मंगवाने के लिए संपर्क करें - 9799559096 0141-4982834

# रॉयल पत्रिका

प्रशासनिक सेवाओं की तैयारी कैसे करें? और सरकारी नौकरियों की जानकारी के लिए पढ़ें पृष्ठ 5

वर्ष : 20 | अंक : 51 | पेज: 08 | जयपुर, सोमवार, 19 जनवरी से 25 जनवरी 2026 | साप्ताहिक | मूल्य: 7 रुपए

## राजस्थान में वोटर गायब करने को लेकर राजनीतिक दलों में घमासान

### -फार्म-7 का भयभीत करने वाला सच सामने आया
### -प्रदेश में मुस्लिमों और दलितों के वोट कटवाने की योजना
### -पहली बार कांग्रेस कार्यकर्ता सक्रिय नजर आए

**एम. खान**

जयपुर। राजस्थान में आगामी चुनावों से पहले चल रही स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (S I R) प्रक्रिया इन दिनों सियासी टकराव का केंद्र बन गई है। मतदाता सूचियां से फार्म-7 के माध्यम से जानबूझकर मतदाताओं के नाम हटवाने को लेकर प्रदेशभर में कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी, नेता और कार्यकर्ता आमने-सामने है।

दूसरी तरफ जनता में भी फार्म-7 को लेकर डर सामने आने लगा है। लोगों का मानना है कि क्या पता कोई भी साजिश करके फार्म-7 भर के बीएलओ से मिली भगत करके उनके नाम मतदाता सूची से हटवा दे और उन्हें पता ही नहीं लगे। फार्म-7 के जरिए वर्तमान पार्षदों, सैकड़ो वर्षों से रह रहे स्थानीय लोगों एवं जाने पहचाने लोगों के नाम कटवाने की की सूचना आ रही है।

कहने को तो (S IR) प्रक्रिया मतदाता सूचियों को साफ सुधरी करने एवं अनावशक मतदाताओं जो मर गए हैं या जगह बदलकर दूसरी जगह शिफ्ट हो गए हैं के नाम हटवाने को लेकर की जा रही है। लेकिन जो मौजूदा स्थिति सामने आ रही है उसके अनुसार यह प्रक्रिया विरोधियों, मुस्लिमों एवं दलितों के नाम मतदाता सूची से हटाए जा रहे हैं।

जो निर्वाचन आयोग की मिली भगत और नाकामी को दर्शाती है। मतदाता सूचियां में धांधली सरासर लोकतंत्र पर हमला है।

#### फार्म-7 क्या है और किसके अधिकार में है?-

फार्म-7 वह आवेदन है जो मतदाता सूची (Electorl roll) के ड्राफ्ट प्रशासन के बाद किसी मतदाता के नाम को हटाने के लिए भरा जाता है। इस फॉर्म का उद्देश्य है कि किसी व्यक्ति की मृत्यु हो जाने या फिर किसी दूसरी जगह शिफ्ट होने पर नाम काटने के लिए फार्म-7 भरा जाता है। फार्म-7 को कोई भी व्यक्ति जिसके नाम पर आपत्ति सेल्फ ऑब्जेक्टर के





रूप में फॉर्म भर सकता है। बूथ लेवल एजेंट (B LA) भी आवेदनों को एक दिन में नियम के अनुसार जमा कर सकता है। साथ ही पार्टियों के एजेंट भी फॉर्म जमा कर सकते हैं। इलेक्शन कमीशन के बूथ लेवल ऑफिसर (BLO) के हस्ताक्षर आम तौर पर आवश्यक होते हैं ताकि यह पुष्टि हो सके कि आवेदन स्थानीय स्तर पर सत्यापित किया गया है। (BLO) और (BLA) को कई नियमों के तहत ही फॉर्म जमा करना होता है और सामान्य प्रक्रिया में एक दिन में सीमित संख्या में आवेदन ही मान्य माने जाते हैं। अधिक आवेदन पर ECI के सख्त निर्देशों के तहत जांच होती है।

#### प्रदेश में दलित और मुस्लिमों के वोट कटवाने की योजना-

जैसी सूचनाए आ रही है और कांग्रेस नेता गोविंद सिंह डोटासरा, टीकाराम जूली और रफीक खान का आरोप है कि भाजपा SIR और फार्म-7 के जरिए बड़ी संख्या में दलित और मुस्लिम मतदाताओं को मतदाता सूचियों से हटाने की साजिश कर रही है। कांग्रेस नेताओं का आरोप है कि भाजपा जानती है कि दलित और मुस्लिम भाजपा को वोट नहीं देते हैं। इसलिए दलित और मुस्लिम मतदाताओं के नाम मतदाता सूचियों से साजिश करके हटवाये जा रहे हैं। जयपुर सहित विभिन्न जिलों में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने निर्वाचन आयोग से शिकायत की है की बड़ी संख्या में BLO से मिली भगत और दबाव बनाकर भाजपा नेता और कार्यकर्ता विरोधी पार्टियों के लोगों के नाम फार्म-7 भरकर हटवाने की साजिश कर रहे हैं। जबकि भाजपा नेताओं का कहना है कि उन्होंने ऐसे नाम हटवाने की अनुशंसा की है जो या तो वहां रहते नहीं है या फिर उसे घुसपैठिए हैं। कांग्रेस बीजेपी पर झूठा आरोप लगा रही है।

#### पहली बार कांग्रेस कार्यकर्ता फील्ड में सक्रिय नजर आए-

राजस्थान प्रदेश में कांग्रेस कार्यकर्ताओं को सबसे ज्यादा आलसी, निष्क्रिय एवं इच्छाओं का बादशाह माना जाता है। कांग्रेस पार्टी ने देश एवं प्रदेश में एक



लंबे समय तक शासन किया है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं और नेता घर, ऑफिस में बैठकर चुनाव जीत कर नगर निगम, विधानसभा और संसद में जाना चाहता है। दूसरी तरफ भाजपा के नेता और कार्यकर्ता बूथ से लेकर संसद तक सक्रिय नजर आते हैं। भाजपा कार्यकर्ताओं की बूथ के प्रत्येक कार्यकर्ता तक पहुंच रहती है। जबकि कांग्रेस कार्यकर्ता चुनाव के समय फील्ड में नजर आने लगते हैं। कांग्रेस में कार्यकर्ताओं की पूछ नहीं होती है। कांग्रेस पार्टी में सिर्फ पैसा खर्च करने वाला ही टिकट प्राप्त कर सकता है। लेकिन इस बार ऐसा लगने लगा है कि कांग्रेस कार्यकर्ता और नेता SIR और मतदाता सूचियों को लेकर सक्रिय दिखाई दे रहे हैं। क्योंकि मतदाताओं के नाम मतदाता सूचियों से हटाने का काम एक लंबे समय से हो रहा है। लेकिन तब कांग्रेस कार्यकर्ता सो रहे थे और अब कांग्रेस कार्यकर्ता जाग रहे हैं, यानी सक्रिय दिखाई दे रहे हैं। किसी भी पार्टी में सक्रिय कार्यकर्ता होना भविष्य मजबूत होने की ओर संकेत है।

## समाज के वंचित तबके को रियायती ऋण देकर आत्मनिर्भर और स्वावलंबी बना रही राज्य सरकार- भजनलाल शर्मा

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा वंचित वर्गों के आर्थिक सशक्तीकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए जा रहे हैं। राज्य सरकार इन वर्गों के लिए स्वरोजगार, कौशल प्रशिक्षण तथा व्यावसायिक प्रशिक्षण के क्षेत्र में अनेक कार्यक्रम संचालित कर रही है, जिससे वे आत्मनिर्भर एवं स्वावलंबी बन सके। अंत्योदय की भावना को केंद्र में रखकर राज्य सरकार नीतियों एवं योजनाओं का क्रियान्वयन कर रही है, ताकि विकसित, समावेशी एवं सशक्त राजस्थान बनने की दिशा में मजबूती से आगे बढ़ा जा सके। इसी दिशा में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के अधीन राजस्थान अनुसूचित जाति, जनजाति वित्त एवं विकास सहकारी निगम लिमिटेड ने उल्लेखनीय पहल की है। निगम द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, सफाई कर्मचारी एवं दिव्यांगजनों के 1 हजार 381 लाभार्थियों को लगभग 20 करोड़ रुपये के रियायती ब्याज पर ऋण स्वीकृत किए गए हैं। इससे इन्हें स्वरोजगार के नए अवसर मिल सकेंगे। मुख्यमंत्री की दूरदर्शी सोच और इस योजना का उद्देश्य लाभार्थियों को स्वरोजगार, व्यवसाय विस्तार और शिक्षा के लिए वित्तीय सहयोग प्रदान करना है, जिससे वे रोजगार प्रदाता बन सके। अनुसूचित जाति, जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, दिव्यांगजन एवं सफाई कर्मियों के आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में यह पहल महत्वपूर्ण कदम साबित हो रही है।



#### विभिन्न वर्गों को मिला ऋण का लाभ-

राज्य सरकार द्वारा जनहित से जुड़ी सभी योजनाओं का क्रियान्वयन लाभार्थियों तक किया जा रहा है। इसी के तहत निगम द्वारा गत वर्ष अनुसूचित जाति के 671 लाभार्थियों को लगभग 7.52 करोड़ रुपये, अनुसूचित जनजाति के 325 लाभार्थियों को लगभग 3.25 करोड़ रुपये, सफाई कर्मियों के 106 लाभार्थियों को लगभग 3.81 करोड़ रुपये तथा 51 दिव्यांगजनों को 58.08 लाख रुपये का ऋण स्वीकृत किया गया है। विभिन्न वर्गों के पात्र लाभार्थियों को लगभग 20 करोड़ रुपये का ऋण वितरण किया गया है।

#### 2025-26 के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया पूर्ण-

मुख्यमंत्री के संवेदनशील नेतृत्व में वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए भी ऑनलाइन ऋण आवेदन की प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई है। निर्धारित लक्ष्य 3 हजार 470 के मुकाबले 15 हजार 635 आवेदन पत्र प्राप्त हुए हैं, जो योजना के प्रति आमजन के बढ़ते विश्वास को दर्शाता है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में जनवरी 2026 के दौरान जिला स्तरीय ऋण चयन समितियों द्वारा जिलेवार साक्षात्कार आयोजित किए जाएंगे। चयनित आवेदकों द्वारा आवश्यक दस्तावेज पूरे करने के बाद डीबीटी के माध्यम से ऋण राशि सीधे उनके खातों में पहुंच जाएंगी।

#### बैंकों के माध्यम से भी ऋण स्वीकृति-

अनुसूचित जाति उप-योजना के अंतर्गत राष्ट्रीयकृत एवं निजी बैंकों के माध्यम से भी ऋण स्वीकृत कराया जा रहा है। इसमें लक्ष्य 3 हजार 400 के विरुद्ध अब तक 2 हजार 670 व्यक्तियों को विभिन्न बैंकों से ऋण स्वीकृत कराया जा चुका है। प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना (पीएम-अजय) के तहत पात्र व्यक्तियों को प्रोजेक्ट लागत का 50 प्रतिशत अथवा अधिकतम 50 हजार रुपये (जो भी कम हो) अनुदान के रूप में उपलब्ध कराया जाता है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में अनुसूचित जाति के लाभार्थियों के लिए 452 लाख रुपये का अनुदान स्वीकृत किया जा चुका है। मुख्यमंत्री के प्रभावी नेतृत्व में प्रदेश सरकार अंत्योदय की भावना को आत्मसात करते हुए हर जरूरतमंद तबके के साथ खड़ी है। राज्य सरकार उन्हें आर्थिक संबल प्रदान कर आत्मनिर्भर और स्वावलंबी बनाने के लक्ष्य की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है।

## महाराष्ट्र नगर निकाय चुनाव में एआईएमआईएम का कमाल,114 सीटों पर जीती

### -एआईएमआईएम के कारण विपक्ष का सफाया

जयपुर। एआईएमआईएम पार्टी का विकास दिनों-दिन पूरे देश में होता जा रहा है। एआईएमआईएम प्रमुख सांसद असदुद्दीन ओवैसी की पकड़ मुस्लिम समुदाय में बढ़ती जा रही है। अभी हाल ही में महाराष्ट्र में हुए नगर निकाय चुनाव में ओवैसी की पार्टी ने 114 सीटों पर जीत हासिल की है। मालेगांव में एआईएमआईएम पार्टी ने 80 में से 20 सीटों पर जीत दर्ज की है और छत्रपति संभाजी नगर में 115 में से 24 सीटों पर जीत दर्ज की। मुंबई के बीएमसी मात्र 4 सीट ही जीत पाई। मालेगांव में बिना एआईएमआईएम पार्टी के किसी भी राजनीतिक पार्टी की लोकल सरकार नहीं बन पाएगी। महाराष्ट्र में एआईएमआईएम



ने पिछले चुनावो से अधिक सीटे जीती है। ओवैसी ने महाराष्ट्र में मुस्लिम क्षेत्रों में बड़ी संख्या में उम्मीदवार उतारे थे लेकिन 114 सीटों पर ही जीत मिली है। महाराष्ट्र की 29 नगर महापालिका की 2869 सीटों पर चुनाव संपन्न हुए है।

#### विपक्ष का सफाया-

एआईएमआईएम ने 2869 में से केवल 114 निकाय सीटों पर जीत दर्ज की है। लेकिन एआईएमआईएम के बड़ी संख्या में मुस्लिम मतदाताओं में सेध के कारण करीब-करीब कांग्रेस, राकापा, शिवसेना (उदव) का पूरे महाराष्ट्र में सफाया हो गया। ओवैसी की पार्टी का देश में विकास हो रहा है वैसे-वैसे गैर भाजपा दलों को भारी नुकसान हो रहा है। ओवैसी की पार्टी का विकास भाजपा के लिए काफी फायदेमंद है। बिहार विधानसभा चुनाव में विपक्ष के राजनीतिक दलों को भारी हार का सामना करना पड़ा था। कांग्रेस सहित महागठबंधन के नेता ओवैसी को सांप्रदायिक नेता मानते हैं।

## रकमा अध्यक्ष ने लिखा मुख्यमंत्री को पत्र

### -रकमा अध्यक्ष अतीक अहमद ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर अल्पसंख्यक वर्ग के कार्मिकों को प्रशासनिक स्थानांतरण के नाम पर अनावश्यक दूरस्थ स्थानों पर स्थानांतरित करने की शिकायत की है।

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। राज्य अधिकारी कर्मचारी एसोशिऐशन के प्रदेश अध्यक्ष अतीक अहमद ने मुख्यमंत्री को शिक्षा विभाग में अल्पसंख्यक वर्ग के अधिकारियों और कर्मचारियों का अनावश्यक और गैर जरूरी स्थानांतरण करने को लेकर पत्र लिखा है और सूचियों में अंकित अल्पसंख्यक अधिकारियों/कार्मिकों से स्थानांतरण के संबंध में परीवेदना प्राप्त होने पर उन पर पूर्ण विचार करते हुए ऐसे स्थानांतरण निरस्त या संशोधन करवाने की गुजारिश की है। अतीक अहमद ने पत्र में लिखा है कि विगत दिनों से शिक्षा विभाग के द्वारा जारी स्थानान्तरण सूचियों के अवलोकन से एवं पूरे प्रदेश से प्रभावित अधिकारी/कार्मिकों से प्राप्त संदेश से प्रतीत हो रहा हैं कि उक्त स्थानान्तरण सूचियों में विशेषकर अल्पसंख्यक वर्ग के अधिकारी/



कार्मिकों को प्रशासनिक स्थानान्तरण के नाम पर बिना किसी कारण के दूरस्थ स्थानों पर भेजा जाकर प्रताड़ित किया जा रहा हैं। प्रशासनिक तौर किये गये स्थानान्तरणों में कई विधवा, परित्यकता, पति-पत्नी राज्य सेवा में एंव विकलांग अल्पसंख्यक वर्ग के कर्मचारियों के भी स्थानान्तरण कर दिये गये हैं। इस प्रकार शिक्षा विभाग में अल्पसंख्यक वर्ग के अधिकारी/कार्मिकों के बिना किसी कारण/शिकायत के बड़े स्तर पर प्रशासनिक आधार पर किये गये स्थानान्तरणों से अल्पसंख्यक वर्ग के कार्मिक आहत हैं।

## ईरान से दिल्ली पहुंचे भारतीयों ने बयां किया दर्द

नई दिल्ली। ईरान में खामेनेई शासन के खिलाफ भड़के हिंसक प्रदर्शनों के बीच वहां फंसे भारतीयों को लेकर पहली दो वाणिज्यिक उड़ानें बीती रात दिल्ली पहुंचीं। ये नियमित कमर्शियल फ्लाइट्स थीं, किसी औपचारिक निकासी अभियान का हिस्सा नहीं थीं। बता दें कि भारत सरकार ने पहले ही नागरिकों को गैर-जरूरी यात्रा से बचने की सलाह दी थी और स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए है।

#### भारतीयों ने बताए ईरान के हालात

15 जनवरी को ईरानी एयरस्पेस अस्थायी रूप से बंद होने के कारण भारत की कुछ उड़ानें प्रभावित हुई थीं, लेकिन अब स्थिति सामान्य होने की दिशा में बढ़ती दिख रही है। इसके बावजूद कई भारतीयों ने तय किया कि हालात शांत होने तक वापस लौटना ही ठीक है। भारत वापसी के बाद



यात्रियों ने सरकार और भारतीय दूतावास की सहायता के लिए आभार जताया। तेहरान स्थित भारतीय दूतावास लगातार तीर्थयात्रियों, छात्रों, पर्यटकों और व्यापारियों से संपर्क में था।

#### क्या बोले लौट रहे भारतीय?

एक एमबीबीएस छात्रा ने बताया कि उसने प्रदर्शन की चर्चाएं तो सुनी थीं, लेकिन खुद कोई हिंसा नहीं देखी। छात्रा ने बताया कि वहां इंटरनेट पूरी तरह से बंद था।

#### दूतावास से भी नहीं हो रहा था संपर्क

एक अन्य भारतीय नागरिक, जो एक महीने से ईरान में था, बोला- पिछले कुछ हफ्तों में दिक्कतें बढ़ीं। बाहर निकलते समय प्रदर्शनकारी कारों के आगे आ जाते थे। इंटरनेट नहीं था, परिवार को भी नहीं बता सकते थे। दूतावास से संपर्क तक संभव नहीं था।' एक इलेक्ट्रिकल इंजीनियर ने कहा कि अब हालात सुधर रहे हैं और केवल नेटवर्क की दिक्कत ही उसे सबसे ज़्यादा महसूस हुई।

#### 'अब हालात सामान्य हैं'

एक और भारतीय ने तेहरान की स्थिति का ज़िक्र करते हुए कहा, 'लोग डरे हुए थे। आगजनी हुई, प्रदर्शन खतरनाक थे, लेकिन सरकार समर्थक लोग अधिक थे। अब हालात सामान्य हैं।'

#### ईरान में कैसे भड़का तनाव

दिसंबर के आखिर में ईरान में भारी प्रदर्शन भड़के थे। रिपोर्ट्स के अनुसार, पिछले दो हफ्तों में करीब 3,000 लोगों की मौत हुई। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और ईरानी नेतृत्व के बीच चले तीखे बयानबाजी ने संभावित सैन्य तनाव की आशंका बढ़ा दी थी। अब संकेत मिल रहे हैं कि हालात धीरे-धीरे सुधर रहे हैं और ट्रंप ने भी अपना आक्रामक रुख नरम किया है।

#### भारत की निगरानी जारी

गौरतलब है कि ईरान में भारत के 9,000 से अधिक नागरिक मौजूद हैं और सरकार उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए हालात पर करीबी नजर रखे हुए है।






# अमीनुद्दीन प्रकरण में गरमाई सियासत, कांग्रेस ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

## -नगर परिषद पर लगाए भेदभाव के आरोप

करौली (रॉयल पत्रिका)। करौली की पूर्व सभापति के पुत्र अमीनुद्दीन के व्यावसायिक परिसर को सीज करने के मामले में सियासत तेज हो गई है। नगर परिषद की कार्रवाई को एकतरफा और द्वेषपूर्ण बताते हुए कांग्रेस नेताओं ने जिला कलेक्टर नीलाब सक्सेना को ज्ञापन सौंपा। इस प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष एवं टोडाभीम विधायक घनश्याम महर और करौली के पूर्व विधायक लाखन सिंह मीना ने किया। कांग्रेस नेताओं ने प्रशासन के सामने तीखे सवाल उठाए। उनका कहना है कि रिकॉर्ड में 38 अन्य संपत्तियां भी हैं जो इसी दायरे में आती हैं, लेकिन नगर परिषद ने केवल अमीनुद्दीन के खिलाफ कार्रवाई



की है। नेताओं ने आरोप लगाया कि यह कार्रवाई नियम विरुद्ध और भेदभावपूर्ण है। उल्लेखनीय है कि 12 जनवरी 2026 को नगर परिषद ने अमीनुद्दीन के व्यावसायिक परिसर को सीज कर दिया था। अमीनुद्दीन पर नव संवत्सर रैली के दौरान हुए पथराव और दंगे से जुड़ा मामला दर्ज है। कांग्रेस नेताओं ने मांग की है कि जब तक न्यायिक अभिरक्षा (Judicial Custody) समाप्त नहीं हो जाती, तब तक कार्रवाई रोकी जाए और यदि कार्रवाई करनी ही है, तो सभी 38 मामलों में समान नियम लागू हों।

# एसआईआर प्रक्रिया में फॉर्म संख्या 7 के दुरुपयोग का आरोप

## -मतदाता सूची में झूठी आपत्तियों की निष्पक्ष जांच की मांग

सवाई माधोपुर (रॉयल पत्रिका)। एसआईआर (स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन) प्रक्रिया के दौरान फॉर्म संख्या 7 के माध्यम से मतदाता सूची में दर्ज कराई जा रही झूठी, भ्रामक एवं अप्रमाणित आपत्तियों को लेकर गंभीर चिंताएँ सामने आई हैं। आरोप है कि कुछ असामाजिक तत्व इस प्रक्रिया का दुरुपयोग कर लोकतांत्रिक व्यवस्था को कमजोर करने का प्रयास कर रहे हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, फॉर्म संख्या 7 के जरिए विशेष रूप से मुस्लिम समुदाय के मतदाताओं को निशाना बनाया जा रहा है। इस कारण आम नागरिकों में भय, असुरक्षा और भ्रम की स्थिति उत्पन्न हो रही है। यह स्थिति न केवल सामाजिक सौहार्द को प्रभावित कर रही है, बल्कि भारतीय संविधान द्वारा प्रदत्त मताधिकार जैसे मौलिक अधिकार पर भी प्रतिकूल प्रभाव डाल रही है। ज्ञापन में कहा गया है कि मतदान का अधिकार लोकतंत्र की आत्मा है और किसी भी समुदाय या वर्ग के मतदाताओं के नाम साजिशन मतदाता सूची से हटाने का प्रयास संवैधानिक मूल्यों पर सीधा आघात है। ऐसे में इस पूरे प्रकरण की निष्पक्ष, पारदर्शी एवं समयबद्ध जांच अत्यंत आवश्यक है, ताकि यह स्पष्ट हो सके कि कौन से व्यक्ति या संगठित गिरोह इस प्रकार की झूठी आपत्तियाँ दर्ज करा रहे हैं। मुस्लिम समुदाय की ओर से मांग की गई है कि झूठी एवं दुर्भावनापूर्ण आपत्तियाँ दर्ज कराने वाले व्यक्तियों या तत्वों के विरुद्ध सख़्त कानूनी कार्रवाई की जाए। साथ ही यह सुनिश्चित



किया जाए कि किसी भी मतदाता का नाम केवल अप्रमाणित या असत्य शिकायत के आधार पर मतदाता सूची से न हटाया जाए। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया है कि कई मामलों में फॉर्म संख्या 7 के माध्यम से आपत्ति दर्ज कराने वाले व्यक्ति द्वारा दिए गए मोबाइल नंबर और भरी गई जानकारी में जिला सवाई माधोपुर के स्थान पर तहसील श्रीगंगानगर अंकित होना सामने आया है, जो यह स्पष्ट दर्शाता है कि संबंधित आपत्तियाँ झूठी, भ्रामक एवं पूर्णतः निराधार हैं। ऐसी परिस्थितियों में इन आपत्तियों को स्वीकार किया जाना स्वयं में एक गंभीर त्रुटि है। समुदाय द्वारा मांग की गई है कि सभी बीएलओ को स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए जाएँ और उन्हें इस बात के लिए उत्तरदायी बनाया जाए कि उनके किसी भी निर्णय या कार्रवाई से किसी नागरिक के मताधिकार का हनन न हो। साथ ही इस प्रकार की सभी आपत्तियों को जिला स्तर पर ही निरस्त किया जाए, ताकि लोकतांत्रिक प्रक्रिया के दुरुपयोग का प्रयास करने वाले तत्वों को सख़्त और स्पष्ट संदेश दिया जा सके। ज्ञापन में जिला निर्वाचन अधिकारी काना राम से अपील की गई है कि वे इस गंभीर विषय को पूरी संवेदनशीलता, निष्पक्षता एवं संवैधानिक दायित्व के साथ लेते हुए शीघ्र आवश्यक कदम उठाएँ, ताकि लोकतांत्रिक प्रक्रिया पर आम जनता का विश्वास बना रहे।

## होटल फेडरेशन ऑफ राजस्थान के अध्यक्ष ने लोक सभा स्पीकर ओम बिड़ला को ज्ञापन सौंपा

सवाई माधोपुर (रॉयल पत्रिका) । सवाई माधोपुर लोकसभा ओम बिड़ला अमरूद महोत्सव कार्यक्रम के लिए सवाई माधोपुर एक दिवसीय दौरे पर आए थे। पर्यटन नगरी देश विदेश के लाखो पर्यटक भ्रमण हेतु रणथम्भौर बाघ परियोजना राष्ट्रीय उद्यान में आते है जो कि विश्व में ख्याती प्राप्त है। तथा रणथम्भौर में स्थित त्रिनेत्र गणेश मन्दिर स्थित है जिसमें लाखो दर्शनार्थी आते है यहाँ हर वर्ष एक बार लख्खी मेले का भी आयोजन होता है। पर्यटक नगरी सवाई माधोपुर की समस्याओं के निराकरण करने लिए विशेष आग्रह कर हम अपेक्षा करते है कि आप उक्त समस्याओं की तरफ ध्यान देकर निराकरण करवाने की कृपा करेगें ऐसा हमें विश्वास है। रणथम्भौर सडक का सौन्दर्यकरण करने एवं पर्यटक वाहनो लेन में बदलाव करवाया जावे जिससे सडक को पर्यटक वाहन एवं देशी विदेशी पर्यटको के आवागमन में किसी भी प्रकार की कोई परेशानी नही होवे तथा आये दिन होने वाले जाम से मुक्ति मिलेगी। होटल फेडरेशन के अध्यक्ष काजी एहतेशामुद्दीन द्वारा ज्ञापन में विभिन्न मांगे रखी गई। पर्यटको के राष्ट्रीय उद्यान भ्रमण हेतु जोन नं. 11 व 12 शीघ्र चालू करवाया जावे जिससे बाहरी क्षेत्र के पर्यटको को पर्याप्त पार्क भ्रमण हेतु स्थल मिल सके एवं पर्याप्त कैंटर व जिप्सियों की व्यवस्था की जावे जिससे आने वाले सभी पर्यटको को सीट उपलब्ध हो सके। पार्क भ्रमण हेतु मंगलवार के दिन जोन नं. 6 से 10 को पूर्ण रूप से बन्द किया गया है उसे तुरंत प्रभाव से चालू करवाया जावे जिससे पर्यटको को पार्क भ्रमण का अवसर मिल सके। बुधवार के दिन जोन नं. 1 से 5 को पर्यटक भ्रमण हेतु बन्द किया गया है जिसे सुबह की पारी में बन्द रखने से बुधवार के दिन त्रिनेत्र गणेश मन्दिर आने जाने वाले दर्शनार्थियो को किसी प्रकार की असुविधा न हो लेकिन दोपहर की पारी बुधवार को पर्यटक भ्रमण हेतु जोन नं. 1 से 5 को खोला जावे जिससे पर्यटको को पार्क भ्रमण की सुविधा मिलती रहेगी । चाणक्य देह बनास नदी पर कोटा की तर्ज पर रिवर फ्रंट जिससे पार्क पर दबाव कम रहेगा एवं पर्यटको को रिवर फ्रंट में भ्रमण करने का अवसर मिलेगा। आमली रिजर्व फोरेस्ट की चार दीवारी का निर्माण हेतु वर्षो बीत गये है लेकिन आज तक वहाँ रिजर्व फोरेस्ट एरिया को डवलप नहीं किया गया है जिससे पर्यटन गतिविधियाँ चालू नहीं हो पा रही जिसे अतिशीघ्र चालू करवाया जावे ।

# रॉयल पत्रिका के संवाददाता जाफर लोहानी सहित कई पत्रकार सम्मानित हुए

मनोहरपूर (रॉयल पत्रिका) । भारतीय इलेक्ट्रोहोम्योपैथिक चिकित्सा मंच बीईसीएम जयपुर, राजस्थान द्वारा 15 जनवरी 2026 को सुबह 11 बजे मीडिया जगत के साथियो को सम्मानित किया गया । विगत 13 जनवरी 2026, मंगलवार को कोर ग्रुप की मीटिंग आयोजित की गई, इसमें डॉक्टर शब्बीर खान (प्रदेश अध्यक्ष), वैद्य हितेष दीक्षित (संस्थापक एवम सचिव), डॉ. राकेश राव (संरक्षक), डॉ. पीएन व्यास (संरक्षक), डॉक्टर सुनील कुमार यादव (संरक्षक), डॉ. सुनील दत्त (उपाध्यक्ष), डॉ. हंसराज गुर्जर (उपाध्यक्ष), डॉक्टर विनोद कुमार पांडे (उपाध्यक्ष), डॉ. राजेश कुमावत (वित्तमंत्री), डॉ. रविंद्र शर्मा, डॉक्टर चंद्रा मिश्रा (जयपुर जिलाध्यक्ष) आदि ने भाग लिया तथा टीम बीईसीएम ने समाज की सेवा कर रहे हैं उन



पत्रकारों को सम्मानित करने का निर्णय लिया, जिसमें राजस्थान धरा न्यूज के संवाददाता अकरम खान,न्यूज़ 24/7 के संवाददाता शकील खान, तक़ी टाइम्स के संवाददाता मोहम्मद सव्वाम तकी एवं रॉयल पत्रिका समाचार के संवाददाता जाफर लोहानी का नाम चुना गया । भारतीय इलेक्ट्रोहोम्योपैथी चिकित्सक मंच बीईसीएम के प्रदेश अध्यक्ष डॉ शब्बीर खान ने बताया कि हमारे इलेक्ट्रोहोम्योपैथिक चिकित्सक समाज के कार्यक्रम को अपने अख़बारों में प्रमुखता से स्थान देने के लिए तथा समाज के दुःख दर्द के मुद्दो को जनप्रतिनिधियों तथा सरकार के जिम्मेदार लोगों से हल करवाने हेतु और दिल से सेवा करने वाले पत्रकारों को प्रोत्सहित करने के लिए सम्मानित किया गया, जिसमें आज कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित दो पत्रकारो राजस्थान धरा न्यूज़ के संवाददाता अकरम खान और रॉयल पत्रिका समाचार के संवाददाता जाफर अज़ीज़ लोहानी को अल्पाहार के साथ-साथ माला, मेडल, सर्टिफिकेट, मोबाइल* स्टैंड विद पेन होल्डर गिफ्ट तथा तिल की गजक की मिठाई देकर तहे दिल से खातिर की गई।

# सांसद कोष से चौमूं के विजयसिंहपुरा में चारदीवारी निर्माण कार्य के लिए 15 लाख रुपए की अनुशंसा

## -पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने जताया प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ का आभार

चौमूं (रॉयल पत्रिका)। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष और राज्यसभा सांसद मदन राठौड़ ने अपने सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजना के अंतर्गत जयपुर जिले के चौमूं तहसील में विकास कार्य के लिए वित्तीय स्वीकृति की अनुशंसा की है। सांसद राठौड़ ने जिला कलेक्टर, जयपुर को पत्र लिखकर ग्राम विजयसिंहपुरा में जनहित के कार्य के लिए धनराशि आवंटित करने के निर्देश दिए हैं। पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौर



का आभार व्यक्त किया है। ग्राम विजयसिंहपुरा से चन्दवाजी सड़क पर आबादी भूमि की चारदीवारी (बाउंड्री वॉल) के निर्माण कार्य के लिए पन्द्रह लाख रुपए की राशि अनुशंसा की है तथा ग्राम पंचायत, विजयसिंहपुरा को कार्यकारी एजेंसी बनाया गया है। सांसद कोष से चौमूं के विजयसिंहपुरा में चारदीवारी निर्माण कार्य के लिए 15 लाख रुपए की अनुशंसा सांसद मदन राठौड़ ने अपने पत्र में जिला प्रशासन को निर्देशित किया है कि इस कार्य की शीघ्र समीक्षा की जाए और जल्द से जल्द तकनीकी, वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति जारी की जाए ताकि क्षेत्र के ग्रामीणों को इसका लाभ मिल सके।

# सांई टेलीकॉम पर दस लाख की हुई चोरी इंचार्ज उदयभान यादव का आश्वासन शीघ्र ही चोर होंगे सलाखों के अंदर

**सादिक हिन्दुस्तानी**

सांगानेर (रॉयल पत्रिका)। 14 जनवरी की बीती रात्रि को मालपुरा गेट के पास मोबाइल मार्केट के सांई टेलीकॉम की दुकान में 10-15 लाख रुपए की चोरी होना बताई जा रही है। 15 जनवरी को मोबाइल मार्केट के व्यापारियों ने मार्केट बंद कर रोष प्रकट किया था। व्यापार महासंघ सांगानेर के अध्यक्ष त्रिलोक चौधरी एवं मीडिया प्रभारी पीयूष बच्चानी ने व्यापारियों को समझा कर मार्केट खुलवाया था। पुलिस थाना मालपुरा गेट के इंचार्ज उदयभान यादव ने व्यापारियों को आश्वासन दिया था की 24 घंटे में चोर पुलिस की गिरफ्त में होंगे। चोर पकड़ में ना आने पर 17 तारीख को पुनः व्यापारियों ने मोबाइल



मार्केट बंद कर रोष जताया। तब सांगानेर एसीपी हरिशंकर शर्मा एवं मालपुरा गेट थाना इंचार्ज उदयभान यादव व्यापार महासंघ सांगानेर के अध्यक्ष त्रिलोक चौधरी मीडिया प्रभारी पियूष बच्चानी ने व्यापारियों को समझा बुझाकर मार्केट खुलवाया। पुलिस के उच्च अधिकारियों ने आश्वासन दिया की चोर अतिशीघ्र ही पुलिस की गिरफ्त में होंगे। और व्यापारी मयूर हेमनानी को माल बरामद कर देगी। इस कार्रवाई में मालपुरा गेट थाना सांगानेर की पुलिस की टीम लगी हुई है। शीघ्र ही चोर सलाखों के अंदर होंगे।

# अनीस, इरशाद डीग जिला सचिव और राकिब जिला मीडिया प्रभारी नियुक्त



डीग (रॉयल पत्रिका)। मुस्लिम महासभा की राष्ट्रीय अध्यक्ष रेशमा सोलंकी, राष्ट्रीय संरक्षक सिकंदर खान के निर्देश तथा राष्ट्रीय प्रभारी जनाब अमजद पठान, राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष इकबाल खान भाटी की विशेष अनुशंसा पर डीग जिला अध्यक्ष असगर ने डीग जिले के रुस्तमपुर पिलाकबस के रहने वाले अनीस और इरशाद को जिला सचिव के महत्वपूर्ण पद पर नियुक्त किया है और लेवरा धोलावटी कामा निवासी राकिब को जिला मीडिया प्रभारी और इंसाफ औलंदा कामा निवासी को जिला प्रवक्ता नियुक्ति करने साथ ही क्षेत्र के मुस्लिम समाज में खुशी की लहर दौड़ गई। राजस्थान प्रदेश मीडिया प्रभारी अजीम खान चिनायटा, भरतपुर संभाग प्रभारी मोहम्मद रफीक बालघाट,समाजजनों एवं शुभचिंतकों ने सोशल मीडिया के माध्यम से अनीस, इरशाद, राकिब और इंसाफ के उज्ज्वल भविष्य की कामनाओं के साथ हार्दिक बधाइयाँ प्रेषित की। मुस्लिम महासभा के उद्देश्यों में तालीम, तंजीम और तिजारत के जरिये समाज के हर वर्ग को मुख्यधारा से जोड़ने का लक्ष्य शामिल है। ऐसे में संगठन को अनीस, इरशाद, इंसाफ और राकिब जैसे ऊर्जावान और सक्रिय कार्यकर्ता के जुड़ने से और मजबूती मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

# हरसोलिया "ग्लोबल लीडरशिप अवार्ड-2026" से हुए सम्मानित

चौमूं,जयपुर (रॉयल पत्रिका)। इंद्रलोक फाउंडेशन द्वारा ग्लोबल लीडरशिप अवार्ड-2026 समारोह रॉयल बाग पैलेस, न्यू सांगानेर रोड़, मानसरोवर में आयोजित हुआ। समारोह की मुख्य अतिथि जयपुर शहर की महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर थी एवं अध्यक्षता संस्था की डायरेक्टर इंद्रा बंसल ने की। विशिष्ठ अतिथि फिल्म प्रोड्यूसर एन.के. मित्तल, कोएक्टर विजय लक्ष्मी, मीनू सिंह, ललिता टांक, दीपिका राठौड़, रमेश टांक रहे। इस मौके पर सभी अतिथियों ने सामाजिक क्षेत्र में उल्लेखनीय काबिलियत एवं उत्कृष्ट कार्य के




लिए टांकरडा निवासी सामाजिक कार्यकर्ता सुरेन्द्र सिंह हरसोलिया का दुपट्टा पहनाकर, स्मृति चिन्ह व ग्लोबल लीडरशिप अवार्ड-2026 से सम्मानित किया। हरसोलिया को यह अवार्ड मिलने पर सर्व समाज बंधुओ में हर्ष जताया। हरसोलिया ने संस्था की डायरेक्टर इंद्रा बंसल का धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया।

## तेवर जो नरम थे

घबराकर छिपी बात ज़माने को बता दी
मांगी थी मोहब्बत मगर उसने सज़ा दी
इंसान तेरे बस में यहां कुछ भी तो नहीं
चाहा यहां जिसने जो वो उसने सुना दी
लानत ही भेजी है नफासत से मेरे यार
तुम मानते रहे के मोहब्बत में वफ़ा दी
सुनते हो! कभी ऐसी सदा घर में सुनी थी
अब ऐसी सदाओं को किताबों में दबा दी
जो हमने पढ़ा था वो किताबों से पढ़ा था
स्क्रीन के इस दौर ने पोथी ही हटा दी
रफ़्तार से बदली है घर - घर की कहानी
इस वक़्त ने परदे की रवायत ही हटा दी
मौसम ने बदल डाले तेवर जो नरम थे
औकात में रहने की हकीमों ने दवा दी

**-फ़ज़लुर्रहमान**

# जरूरतमंद परिवारों की सेवा करना पुण्य का कार्य है- हरसोलिया

## -जरूरतमंद परिवारों को फल वितरित

चौमूं (रॉयल पत्रिका)। शहर के ग्राम टांकरडा निवासी समाज सेवी सुरेन्द्र सिंह हरसोलिया की ओर से मकर संक्रांति पर ग्राम के मुख्य मार्गों पर बच्चों व आने-जाने वाले लोगों को फल वितरण किए। साथ ही दुग्गी-झोपड़ियों में रहने वाले परिवारों को केले वितरिण किए। इस दिन 90 किलों केले वितरण किए। हरसोलिया ने कहा कि हमे हमेशा गरीबों, बेसहारा व जरूरतमंद परिवारों की हर संभव मदद करनी चाहिए। जरूरतमंद परिवारों की सेवा करना पुण्य का कार्य है। इस दौरान वार्ड पंच दीपक नुवाल, सुमन वर्मा, जितेंद्र हरसोलिया, मुकेश नुवाल, नरेन्द्र



हरसोलिया, शुभम हरसोलिया, मनीषा, मनीष, प्रेरणा, अंशिका हरसोलिया ने फल वितरण में सहयोग दिया।


## रॉयल पत्रिका को पेमेंट करने का तरीका

**रॉयल पत्रिका में भुगतान नकद या चेक द्वारा रॉयल पत्रिका के पंजाब नेशनल बैंक, त्रिपोलिया बाजार, जयपुर के खाता संख्या 1939002100241695 में या पंजाब नेशनल बैंक की किसी भी नजदीकी शाखा में जमा करवा सकते हैं अथवा IFSC Code PUNB0193900 पर भी भुगतान नेट बैंकिंग के द्वारा कर सकते हैं। आपके सहयोग के लिए धन्यवाद ।**

Scan Here

-संपादक


# हस्तेड़ा -आलीसर सड़क के स्थित संजना पेट्रोल पंप पर करीब 1:00 बजे लूट की हुई वारदात

चौमूं (रॉयल पत्रिका)। चौमूं तहसील के हस्तेडा - आलीसर इलाके में बीती रात करीब 1 बजे हस्तेड़ा-आलीसर सड़क स्थित संजना पेट्रोल पंप पर लूट की बड़ी वारदात हुई। नकाबपोश बदमाश ने सुनियोजित तरीके से घटना को अंजाम दिया, जिसमें पेट्रोल पंप के सेल्समैन संदीप स्वामी घायल हो गए। वारदात से पहले बदमाश ने पूरे पेट्रोल पंप की बिजली काट दी। अंधेरे का फायदा उठाकर उसने केबिन का शीशा तोड़ा और अंदर घुस गया। जब सेल्समैन संदीप स्वामी ने विरोध किया, तो बदमाश ने उन पर हमला कर दिया। हमले में संदीप स्वामी को चोटें आईं, जिसके बाद उन्हें तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार जारी है। बदमाश पेट्रोल पंप से नकदी और अन्य सामान लेकर फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही गोविंदगढ़ थाना अधिकारी विनोद सांखला पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने घटनास्थल का जायजा लिया और पेट्रोल पंप पर लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच शुरू की। बदमाश की तलाश के लिए आसपास के इलाकों में नाकाबंदी भी की गई है। थाना अधिकारी विनोद सांखला ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और आरोपी को जल्द पकड़ने के प्रयास जारी हैं। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि बदमाश ने वारदात को अंजाम देने से पहले पूरी तैयारी की थी। पुलिस सभी पहलुओं से जांच कर रही है और घायल सेल्समैन के बयान के आधार पर भी मामले को आगे बढ़ाया जा रहा है। पुलिस ने जल्द ही मामले का खुलासा करने का भरोसा दिलाया है।

# लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला के सवाई माधोपुर आगमन पर भाजपाइयों ने किया रेलवे स्टेशन पर गर्मजोशी से स्वागत

सवाई माधोपुर (रॉयल पत्रिका)। सवाई माधोपुर स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित अमरूद महोत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में पधारे लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला के रविवार को सवाई माधोपुर आगमन पर रेलवे स्टेशन पर केबिनेट मंत्री डॉ. किरोड़ीलाल मीणा एवं भाजपा जिलाध्यक्ष मानसिंह गुर्जर के नेतृत्व में सैकड़ों भाजपाइयों ने गर्मजोशी से स्वागत किया। जिला प्रवक्ता सुरेन्द्र शर्मा ने बताया कि लोकसभा अध्यक्ष का रेलवे स्टेशन पर भाजपा के सैकड़ों पदाधिकारी एवं सामाजिक संगठन के कार्यकर्ताओं ने उनका गुलदस्ता भेंट कर अभिनंदन किया। रेलवे स्टेशन से लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला सर्किट हाउस पहुंचे जहां केबिनेट मंत्री डॉ. किरोड़ीलाल मीणा और जिलाध्यक्ष मानसिंह गुर्जर ने त्रिनेत्र गणेश की तस्वीर भेट कर उनका आत्मिक अभिनंदन किया। इस दौरान पूर्व विधायक



हंसराज शर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष प्रेमप्रकाश शर्मा, सुरेशचंद जैन, जिला महामंत्री विनोद अटल, जगदीश अग्रवाल, बाबूलाल मीणा, जिला उपाध्यक्ष हरिओम गर्ग, सत्यनारायण धाकड़, लालचंद गौतम, बामनवास प्रधान शशि कला मीणा, गंगापुर प्रधान मंजू गुर्जर, पूर्व जिला प्रमुख पृथ्वीराज, ओमप्रकाश डगोरिया, राजेश गोयल, मीणा, बजरिया मंडल अध्यक्ष रितेश भारद्वाज, शहर मंडल अध्यक्ष कपिल जैन, कुंडेरा मंडल अध्यक्ष मनीष अग्रवाल, पूर्व सभापति सुनील तिलकर, कमलेश जैलिया, पूर्व उपसभापति राजेश गोयल, ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष बनवारी जाट, रामहरि चौधरी, शशांक सारस्वत, मुरली गौतम, ओमप्रकाश शर्मा, मुकेश शर्मा, ओमी कटारिया, सारांश जैन, मेहनाज पटेल, विष्णु अग्रवाल, देवेंद्र सिंह राठौड़, हरिप्रसाद गुप्ता, सुधीर शर्मा, ओम सुवालका, देवेंद्र गौतम सहित सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।


## सूचना

समाचार पत्र में प्रकाशित लेखों में लेखक के अपने विचार हैं, इनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है। समस्त विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

# रॉयल पत्रिका

## संपादकीय...

## इस्लामी नाटों और भारत

इस समय विश्व में इस्लामिक नाटों की बहुत चर्चा है। इस्लामिक नाटों में फिलहाल तीन देश तुर्की, सऊदी अरब और पाकिस्तान शामिल है। इन तीनों देशों के बीच एक समझौता हुआ है कि तीनों में से किसी भी देश पर दूसरे देश या देशों का हमला सभी तीनों देशों पर माना जाएंगा। पाकिस्तान को न्यूक्लीय पॉवर होने का फायदा मिल रहा है। विश्व के ज्यादातर देश न्यूक्लियर छत्री चाहते हैं। जिस देश के पास न्यूक्लियर पॉवर है, उस देश को सुरक्षित देश माना जाता है। पाकिस्तान में गरीबी है, बेरोजगारी है और राजनीतिक अस्थिरता है। फिर भी न्यूक्लियर पॉवर होने के कारण विश्व के मुस्लिम देश उसकी ओर दौड़ते चले आ रहे हैं। पाकिस्तान वर्तमान में चीनी तकनीकी से बने J-17 लड़ाकू विमानों की मार्केटिंग करके बड़ा लाभ कमा रहा है। सऊदी अरब आर्थिक रूप से मजबूत देश है और तुर्की विश्व की 9 वीं सैन्य शक्ति है। तुर्की की ड्रोन तकनीकी का दुनिया में लोहा माना जाता है। तुर्की ने पांच वीं पीढ़ी का सैन्य विमान कान का भी निर्माण बनाया है। जो विश्व में तुर्की की सैन्य क्षमता को बताता है। तुर्की ने भारत के खिलाफ युद्ध में पाकिस्तान का खुलकर साथ दिया था। तुर्की पाकिस्तान के साथ मिलकर संयुक्त राष्ट्र संघ में कश्मीर की आजादी का मामला उठाता है। तुर्की और पाकिस्तान भारत विरोधी देश है और इस्लामिक नाटों का तीसरा देश सऊदी अरब के भारत से अच्छे संबंध है। लेकिन पाकिस्तान और तुर्की के साथ सैन्य समझौते के बाद सऊदी अरब के भी भारत के साथ रिश्ते पर असर पड़ना संभावित है। इस्लामिक नाटों भारत के लिए किसी भी प्रकार से सही साबित नहीं होगा। क्योंकि इस्लामिक नाटों में और कई मुस्लिम देश शामिल हो सकते हैं। जिसमें बांग्लादेश, मिस्र, लीबिया, सीरिया, मलेशिया, इंडोनेशिया, कतर, बहरीन आदि शामिल है। बांग्लादेश भारत का पड़ौसी देश है। भारत की मदद से ही पाकिस्तान से अलग होकर आजाद देश बना है। लेकिन अब बांग्लादेश भारत से अच्छे संबंध बनाने का इच्छुक दिखाई दे रहा है। बांग्लादेश अब चीन और पाकिस्तान खेमे में तेजी से जा रहा है। पाकिस्तान से लड़ाकू विमान ड्रोन और मिसाइल खरीद रहा है। जबकि भारत में बांग्लादेश की बहुत मदद की है। ऐसी स्थिति में इस्लामिक नाटों का बनना पाकिस्तान, सऊदी अरब, तुर्की एवं अन्य मुस्लिम देशों के लिए तो सुरक्षा के लिहाज से फायदेमंद साबित हो सकता है लेकिन भारत के लिए यह इस्लामिक नाटों नुकसानदायक साबित होने के अवसर बढ़ाता है। क्योंकि इस्लामिक नाटों के कारण पाकिस्तान की सैन्य एवं आर्थिक ताकत कई गुना बढ़ जाएगी। पाकिस्तान भारत से हमेशा दुश्मनी रखने वाला देश है। पाकिस्तान भारत में आतंकवादी गतिविधियां चोरी छिपे चलाता आ रहा है। पाकिस्तान का ताकतवर बनना ही भारत के लिए नुकसानदायक है। वैसे तो भारत एक बड़ा देश है और आर्थिक एवं सैन्य पॉवर के लिहाज से काफी मजबूत है। फिर भी भारत को इस्लामिक नाटों और पाकिस्तान पर पैनी नजर रखनी होगी। इस्लामिक नाटों में शामिल देश कहीं ना कहीं अमेरिका के अधीन आते हैं। इसलिए यह भी कहा जा सकता है कि इस्लामिक नाटों देशों की मजबूती अमेरिका पर निर्भर होगी। क्योंकि बिना अमेरिका की मर्जी के मुस्लिम देश इस्लामिक नाटों को ज्यादा मजबूत नहीं कर सकते हैं।

# इस्लामोफोबिया के नाम पर दुनिया के मुसलमान निशाने पर

***आज इस्लामोफोबिया के नाम पर पूरी दुनिया के मुसलमानों को निशाना बनाया जा रहा है। चाहे यूरोप हो, अमेरिका हो या भारत हर जगह मुसलमान निशाने पर हैं।***

आज इस्लामोफोबिया के नाम से पूरी दुनिया के मुसलमानों को निशाना बनाया जा रहा है । चाहे यूरोप हो, अमेरिका हो या भारत हर जगह मुसलमान निशाने पर हैं । इस्लामोफोबिया को समझने के लिए अतीत की घटनाओं को समझना होगा । 19वीं शताब्दी में तुर्की मुसलमानों का एक ताकतवर देश हुआ करता था, जिसका साम्राज्य एशिया, यूरोप और अफ्रीका सहित तीन महाद्वीपों में फैला हुआ था और तुर्की का बादशाह पूरी दुनिया के मुसलमानों का खलीफा हुआ करता था । फिर प्रथम विश्व युद्ध में साजिश करके यूरोप के ईसाई राष्ट्रों ने उसे तबाह किया और उसके शासित प्रदेशों को सबने आपस में बांटकर वहां के रहने वाले मुसलमानों को गुलाम बना लिया। उसके बाद दूसरा विश्व युद्ध हुआ और युद्ध जीतने के बाद पूरी दुनिया दो खेमों में बंट गई, एक का नेतृत्व अमेरिका ने किया और दूसरे का सोवियत रूस ने और सालों दुनिया में शीत युद्ध चला रहा । लेकिन जब सोवियत रूस खत्म हो गया तो यूरोप और अमेरिका जो ईसाई देश थे, जिनका कि इस्लाम से अदावत तब से शुरू थी जब से इस्लाम आया था। इसलिए उन देशों ने प्रोपेगंडा शुरू किया कि पूरी दुनिया को मुसलमानों और इस्लाम से खतरा है। इसका कारण यह था कि जो मुस्लिम देश आजाद हुए हैं, उनके पास तेल निकल आया था और यह दुनिया में आर्थिक रूप से मज़बूत हो गए थे। साथ ही यूरोप में इस्लाम बहुत तेज़ी से फैल रहा था । इसे एक प्रोपेगंडे के तहत इस्लाम और मुसलमानों को आतंक से जोड़ा गया और एक शब्द पैदा किया गया "इस्लामोफोबिया" और पूरी दुनिया में दुष्प्रचार किया गया कि इस्लामोफोबिया पूरी दुनिया को खत्म कर देगा।

हर मुसलमान को आतंकवादी बताने की साजिश शुरू हुई । मुसलमानों की आस्थाओं पर हमले शुरू हुए और अमेरिका और यूरोप के देशों ने यूएनओ का सहारा लेकर उन पर हमले शुरू किये और देशों को तबाह किया जाने लगा। इसी इस्लामोफोबिया को रोकने के नाम पर अरबों की छाती पर इज़राईल नाम का एक देश खड़ा किया गया। जो अपने बनने के बाद से लगातार अब तक वहां के मूल नागरिकों का नरसंहार कर रहा है।

अब यह समझने की कोशिश करते हैं कि इस्लामोफोबिया के नाम पर भारत में मुसलमानों को निशाने पर लिया जाने लगा। भारत में जब से संघ की विचारधारा की समर्थक सरकार सत्ता में आई, उसने लगातार मुसलमानों पर हमले शुरू किये । उनकी आस्था पर हमले शुरू हुए, कभी अज़ान की आवाज़ को लेकर तो कभी महिलाओं के हिजाब को लेकर । पूरे देश में एक ऐसा इको सिस्टम तैयार किया गया जो लगातार समाज में मुसलमानों के खिलाफ नफरत पैदा करने लगा और समाज के एक हिस्से को तैयार किया गया जो मुसलमानों से नफरत करने वाला है । उसने लगातार मुसलमानों की लीचिंग शुरू की और नफरत का आलम यह हो गया कि यूपी के गाजियाबाद में तो एक पिंकी चौधरी मुसलमानों के नरसंहार के लिए खुलेआम तलवार बांटने लगा और पुलिस खामोश रही। मामला जब सोशल मीडिया में उछला तो मज़बूरी में बहुत हल्की धारा में यूपी पुलिस ने उस पर मुकदमा दर्ज किया । जो सप्ताह भर के अंदर ज़मानत पर बाहर आ गया




। जब वह ज़मानत पर बाहर आया तो उसका ऐसे स्वागत किया गया जैसे कोई नायक जेल से बाहर आया हो। नफरत का आलम यह हो गया है कि भारत का क्रिकेट बोर्ड देश के आईपीएल के नाम से एक प्रतियोगिता करवाता है उसमें फिल्म स्टार शाहरुख खान की टीम ने एक बांग्लादेश के खिलाड़ी को खरीद लिया तो पूरे देश में शाहरुख खान को गद्दार कहा जाने लगा । लेकिन यह तथ्य छुपाया गया कि खिलाड़ियों की लिस्ट को फाइनल भारतीय क्रिकेट बोर्ड करता है और इस बोर्ड का नियंत्रण वर्तमान में भारत के गृहमंत्री अमित शाह के बेटे जय शाह के पास है। लेकिन जय शाह से किसी ने भी सवाल नहीं पूछा, बल्कि मुसलमानों के खिलाफ नफरत फैलाने इको सिस्टम में शाहरुख खान को गद्दार घोषित कर दिया। हैरानी की बात यह थी कि जिस के के आर का मालिक शाहरुख खान था उसमें 25 फीसदी से ज्यादा शेयर फिल्म अभिनेत्री जूही चावला और उसके पति के हैं। लेकिन किसी ने जूही चावला या उसके पति से कोई सवाल नहीं पूछा बल्कि शाहरुख खान को गद्दार घोषित किया गया क्योंकि वह मुसलमान था । आजकल अचानक से मुसलमानों की मस्जिदें, दरगाहें निशाने पर आ गए हैं। इसमें एक नया खेल शुरू हो गया है । पहले कोई नफरतबाज़ हाईकोर्ट में किसी मस्जिद या दरगाह के बाहर की ज़मीन को सरकारी जमीन बताते हुए हाईकोर्ट में उस ज़मीन के सर्वे करवाने की अपील दाखिल करता है और हैरानी तब होती है जब हाईकोर्ट में बैठे जज तुरंत सर्वे का आदेश जारी कर देता है। सर्वे में मस्जिद और दरगाहों के बाहर की ज़मीन सरकारी बता दिया जाता है । मुसलमानों को सुप्रीम कोर्ट तक में जाने का मौका नहीं दिया जाता है । आनंद-फानन में उस अतिक्रमण को हटा दिया जाता है और फिर कुछ दिनों बाद वह मस्जिद या दरगाह भी अतिक्रमण करके बनाई हुई घोषित कर दी जाती है और फिर उसे हटा दिया जाता है । उत्तराखंड में दर्जनों मस्जिदों और दरगाहों को हटा दिया गया । हाल ही में यह खेल दिल्ली की फ़ैज़-ए-इलाही मस्जिद के साथ हुआ, उनको सुप्रीम कोर्ट में जाने का मौका तक नहीं दिया गया । मामला दिल्ली हाईकोर्ट में लंबित होने के बावजूद फ़ैज़-ए-इलाही में चल रहे अस्पताल को अतिक्रमण के नाम पर ध्वस्त कर दिया । ऐसे ही यूपी के देवरिया जिले में तो एक मज़ार का सिर्फ एडीएम के आदेश पर अतिक्रमण मानते हुए हटा दिया गया।

अभी हाल ही में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने हद कर दी, वे विवेकानंद फाउंडेशन के एक प्रोग्राम में युवा सांसद को संबोधित कर रहे थे। उसमें उन्होंने कहा कि विदेशी आक्रांताओं ने हमारे देश में हमला करके हमारे मंदिरों को तोड़ा। गांव को जलाया गया, देश के आत्म-सम्मान को नष्ट किया गया । इसलिए युवाओं को अपने अंदर प्रतिशोध की आग पैदा करनी होगी और बदला लेकर आस्था के आधार पर देश का निर्माण करना होगा । अब सवाल यह खड़ा होता है कि अजीत डोभाल किससे बदला लेने के लिए युवाओं को उत्साह रहे थे । मणिपुर में 2 साल से चल रहा था तब राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार क्या कर रहे थे ? पहलगांव में हमला हो गया, दिल्ली में बम ब्लास्ट हो गया । तब राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार क्या कर रहे थे और किन से बदला लेने की बात कर रहे हैं ! उन्हें बताना चाहिए था कि सोमनाथ मंदिर अफगानिस्तान से महमूद गजनवी ने आकर तोड़ा था, क्या वह अफगानिस्तान से बदला लेंगे क्योंकि अभी कुछ महीनों पहले ही अफगानिस्तान का विदेश मंत्री भारत आया था। उसके स्वागत में तो हमने पलक पावरे बिछा दिए थे । अगर वह मुगलों से बदला लेने की बातें करते हैं तो मुगल खानदान का कोई बचा हुआ नहीं है । अंग्रेजों ने भारत पर लगभग दो सौ साल राज किया था तो क्या डोभाल साहब ब्रिटेन से बदला लेने की बात कर रहे हैं या गोवा पर तो 1960 में पुर्तगाल का शासन था तो क्या डोभाल साहब पुर्तगाल से बदला लेने की बात कर रहे थे पांडिचेरी पर फ्रांस का शासन था तो क्या वह फ्रांस से बदला लेने की बात कर रहे थे। दरअसल उनके बताने में एक ध्वनि छुपी हुई थी जो बिना कुछ कहे वह युवाओं तक पहुंचा रहे थे वह मुसलमानों से बदला लेने के लिए इशारा कर रहे थे। ऐसे में सवाल यह उठता है कि मुसलमानों से नफरत और इस्लामोफोबिया के नाम पर देश को कहां ले जाना चाहते हैं ? यह लोग कैसा भारत बनाना चाहते हैं ? क्या नफरत फैलाकर देश का निर्माण किया जा सकता है ? देश की जनता को समझना होगा कि सत्ता बनाए रखने के लिए कैसे देश में नफरत फैलाने का खेल खेला जा रहा है।

**-डॉ. शहाबुद्दीन खान**

# सलीम दुर्रानी - एक करिश्माई क्रिकेटर थे

## -अर्जुन पुरस्कार जीतने वाले पहले क्रिकेटर



भारतीय क्रिकेटर, जिन्होंने 1960 से 1973 तक 29टेस्ट मैच खेले। एक ऑल राउंडर, सलीम दुर्रानी एक धीमे बाएं हाथ के ऑर्थोडॉक्स गेंदबाज और बाएं हाथ के बल्लेबाज थे, जो अफगानिस्तान में जन्मे एकमात्र भारतीय टेस्ट क्रिकेटर थे। वे अर्जुन पुरस्कार जीतने वाले पहले क्रिकेटर थे। 2011 में, उन्हें सीनायडू के. लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड से, जो भारतीय क्रिकेट बोर्ड द्वारा किसी पूर्व खिलाड़ी को दिया जाने वाला सर्वोच्च सम्मान है, नवाजा गया। सलीम दुर्रानी का जन्म 11 दिसंबर 1934 को अफगानिस्तान में एक पश्तून परिवार में हुआ था । उनके पिता अब्दुल अजीज दुर्रानी एक पेशेवर क्रिकेटर थे। 1935 में कराची दौरे पर नवानगर (वर्तमान जामनगर) के लिए उनके विकेट कीपिंग और बल्लेबाजी प्रदर्शन से प्रभावित होकर, तत्कालीन जाम साहब दिग्विजयसिंहजी रणजीतसिंहजी ने अब्दुल अजीज को सब-इंस्पेक्टर की नौकरी की पेशकश की , जिसके बाद दुर्रानी परिवार जामनगर में बस गया। 1947 में भारत के विभाजन के बाद , अजीज पाकिस्तान चले गए, जबकि उनका परिवार जामनगर में ही रहा। सलीम दुर्रानी तीन साल की उम्र में अपने माता-पिता के साथ-काबुल छोड़कर भारत चले गए। दुर्रानी 1961-62 में इंग्लैंड के खिलाफ भारत की श्रृंखला जीत के नायक थे। उन्होंने कोलकाता और चेन्नई में क्रमशः 8 और 10 विकेट लिए। इसके अलावा, एक दशक बाद, वह पोर्ट ऑफ स्पेन में वेस्ट इंडीज के खिलाफ भारत की पहली जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिसमें उन्होंने क्लाइव लॉयड और गैरी सोबर्स के विकेट लिए। अपने 50 टेस्ट मैचों की पारियों में उन्होंने सिर्फ एक शतक बनाया , जो 1962 में वेस्ट इंडीज के खिलाफ 104 रन था। उन्होंने प्रथम श्रेणी क्रिकेट में गुजरात, राजस्थान और सौराष्ट्र के लिए खेला । प्रथम श्रेणी क्रिकेट में उन्होंने 14 शतक बनाए और 33.37 की औसत से 8,545 रन बनाए। दुर्रानी का दर्शकों के साथ एक विशेष रिश्ता था। एक बार जब उन्हें 1973 में कानपुर टेस्ट के लिए टीम से बाहर कर दिया गया था, तो दर्शक विरोध प्रदर्शन करने के लिए तख्तियां और नारे लेकर आए थे, जैसे, "दुर्रानी नहीं तो टेस्ट नहीं!" एकमात्र अफ़गानिस्तान में जन्मे भारतीय टेस्ट क्रिकेटर के रूप में, वह 14 जून 2018 को ऐतिहासिक भारत बनाम अफ़गानिस्तान टेस्ट मैच के दौरान मौजूद थे। दुर्रानी ने तनुजा के साथ फिल्म एक मासूम ) 1969 और परवीन बाबी के साथ 1973 में चरित्र में अभिनय किया। उनके पिता अजीज दुर्रानी ने कराची में क्रिकेट खेलना सीखा। उन्हें नवानगर के रणजीतसिंहजी ने अपनी टीम के लिए खेलने के लिए नियुक्त किया था। सलीम दुर्रानी का 2 अप्रैल 2023 को 88 वर्ष की आयु में कैंसर से निधन हो गया। वह गुजरात के जामनगर में अपने भाई जहांगीर दुर्रानी के साथ रह रहे थे और इस वर्ष की शुरुआत में उनकी जांघ की हड्डी में फ्रैक्चर के लिए सर्जरी हुई थी। कई मौकों पर यह देखा गया कि सलीम दुर्रानी क्रिकेट मैदान में दर्शकों की मांग पर छक्का मारते थे। लोग उन्हें रोमांटिक भी कहते थे । सलीम दुर्रानी एक करिश्माई क्रिकेटर थे जिनकी दीवानगी उनकी पीढ़ी में बहुत ज़्यादा थी और वे 'ऑन-डिमांड' छक्के लगाने के लिए जाने जाते थे, जो क्रिकेट और सिनेमा दोनों में लोकप्रिय रहे।

# ईरान में हिंसा और नुकसान के लिए पहले ट्रंप अपराधी - खामेनेई



तेहरान (एजेंसी)। ईरान और अमेरिका में युद्ध का खतरा अभी टला नहीं है। ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई ने तेहरान में हिंसा, नुकसान और मानहानिक के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को खुलेआम दोषी ठहराया है। इससे दोनों देशों में फिर से तनाव बढ़ने की आशंका है।

**खामेनेई ने ट्रंप को ठहराया दोषी**

ईरान के सर्वोच्च नेता आयतुल्लाह अली खामेनेई ने शनिवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को "अपराधी" घोषित करते हुए कहा कि वे ईरानी राष्ट्र पर लगाए हत्या के झूठे आरोपों, क्षति और बदनामी के लिए जिम्मेदार हैं। खामेनेई ने एक धार्मिक अवसर पर दिए गए भाषण में कहा, "हम अमेरिकी राष्ट्रपति को अपराधी मानते हैं, क्योंकि उन्होंने ईरानी राष्ट्र पर हताहत, क्षति और बदनामी थोपी है। खामेनेई ने हाल के विरोध प्रदर्शनों को "अमेरिकी साजिश" करार दिया और कहा कि ट्रंप ने खुद हस्तक्षेप किया, बयान दिए, दंगाइयों को प्रोत्साहित किया और यहां तक कि सैन्य सहायता देने की बात कही।

**अमेरिका का उद्देश्य ईरान पर कब्जा**

खामेनेई ने आरोप लगाया कि अमेरिका का उद्देश्य "ईरान पर कब्जा करना" है और ट्रंप ने दंगाइयों को "ईरानी राष्ट्र" के रूप में पेश करके "गंभीर बदनामी" की है। खामेनेई ने कहा, "ईरानी राष्ट्र ने दंगे की कमर तोड़ी है, अब उसे उन लोगों की भी कमर तोड़नी होगी, जिन्होंने इसे भड़काया। उन्होंने जोर दिया कि ईरान युद्ध की ओर नहीं ले जाया जाएगा, लेकिन घरेलू और अंतरराष्ट्रीय अपराधियों को बख्शा नहीं जाएगा। खामेनेई ने दावा किया कि अमेरिका और इजरायल ने दंगाइयों को प्रशिक्षित और भर्ती किया, और कुछ एजेंट अमेरिकी-इजरायली एजेंसियों द्वारा भेजे गए थे। उन्होंने कहा कि हाल के अशांति में "कई हजार" लोग मारे गए, लेकिन यह विदेशी साजिश का नतीजा था।

**ईरान में 3000 से अधिक मौतों का दावा**

ईरान में मानवाधिकार संगठनों और कार्यकर्ताओं के अनुसार दिसंबर 2025 के अंत से शुरू हुए विरोध प्रदर्शनों में सुरक्षा बलों की कार्रवाई से कम से कम 3,000 से 12,000 तक लोग मारे गए हैं। वहीं इस दावे पर ईरानी सरकार ने कोई आधिकारिक आंकड़ा जारी नहीं किया है। ईरान में इंटरनेट ब्लैकआउट और भारी सुरक्षा बल की तैनाती जारी है। खामेनेई का यह बयान ट्रंप के हालिया टिप्पणियों के जवाब में आए हैं, जहां ट्रंप ने ईरान में प्रदर्शनकारियों का खुला समर्थन किया था और कहा था कि अमेरिका "शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों की हत्या" पर हस्तक्षेप करेगा। ट्रंप ने ईरान को धन्यवाद भी दिया था कि उन्होंने कथित तौर पर 800 से अधिक फांसी की सजाएं रद्द कीं, हालांकि ईरान ने इसे खारिज किया।

# अरुजी समरकंदी "सांस्कृतिक राजदूत"

**फ़ज़लुर्रहमान**

जब इस्लामिक स्वर्ण युग के अबू नसर मंसूर और अल-बिरूनी के युग की बात करते हैं, तो निजामी अरुजी समरकंदी का नाम बहुत महत्वपूर्ण हो जाता है,आज के दौर में, अरुजी समरकंदी को मध्यकालीन मध्य-एशिया का "सांस्कृतिक राजदूत" माना जाता है। वे 12 वीं शताब्दी के एक प्रसिद्ध फारसी लेखक, कवि , इतिहासकार और दरबारी थे। उनका पूरा नाम अहमद इब्न उमर इब्न अली है और 'निजामी' उनका उपनाम है । 'अरुजी' का अर्थ है "छंदशास्त्र का ज्ञाता" (Prosodist)। उनका सक्रिय समय लगभग सन् 1110 ईस्वीं से सन् 1161 ईस्वी के बीच का था। इनके जन्म स्थान और मृत्यु के संबंध में जानकारी उपलब्ध नहीं है। वे समरकंद (आधुनिक उज्बेकिस्तान) के रहने वाले थे, जो उस समय ज्ञान और संस्कृति का सबसे बड़ा केंद्र था। वे न केवल एक लेखक थे, बल्कि ज्योतिष (Astrology) और चिकित्सा (Medicine) में भी निपुण थे किन्तु एक लेखक के रुप में ख्यातनाम हुए। वे अपने समय के वैज्ञानिकों और कवियों के 'जीवनी लेखक' थे। उनकी पुस्तक 'चहार मकाला' का अनुवाद अंग्रेजी (एडवर्ड ब्राउन द्वारा), फ्रेंच और कई अन्य भाषाओं में किया गया है क्योंकि यह 12वीं सदी के दैनिक जीवन, विज्ञान और कला का सबसे विश्वसनीय दस्तावेज माना गया है। यदि अरुजी न होते, तो हमें कई महान लोगों के संबंध में जानकारी नहीं मिलती, उन्होंने ही उमर खय्याम के बारे में सबसे पहले यह बताया कि खय्याम केवल एक कवि नहीं, बल्कि एक महान खगोलशास्त्री भी थे। उन्होंने खय्याम के साथ अपनी मुलाकातों का वर्णन भी किया है।अरुजी ने ही इब्न सिना और फिरदौसी के संबंध में जानकारी दी है। उन्होंने महान कवि फिरदौसी (शाहनामा के लेखक) की गरीबी और सुल्तान महमूद गजनवी द्वारा उनके साथ किए गए अन्याय का मार्मिक चित्रण किया है। अरुजी ने जोर दिया कि एक ज्योतिषी को गणित और ज्यामिति में उतना ही कुशल होना चाहिए जितना कि एक वैज्ञानिक को, अन्यथा उसकी गणनाएँ बेकार हैं।

अरुजी की लेखनी में एक खास 'गहनता' यह थी कि वे केवल प्रशंसा नहीं करते थे। उन्होंने अपने समय की सामाजिक बुराइयों और दरबारी राजनीति पर भी कटाक्ष किया। उन्होंने कवियों को चेतावनी दी कि वे केवल धन के लिए कविता न लिखें, बल्कि सत्य और कला का सम्मान करें।वे इब्न सिना के बहुत बड़े प्रशंसक थे , अरुजी ने लिखा कि एक कुशल डॉक्टर को केवल दवाएं नहीं देनी चाहिए, बल्कि उसे रोगी की आत्मा और मन का भी उपचार करना चाहिए। उन्होंने 'हवा' और 'पानी' के शुद्धिकरण को बीमारी रोकने का प्राथमिक तरीका बताया। अरुजी समरकंदी ने खुद को "छोटा लेखक" कहा था, लेकिन उनकी एक मात्र पुस्तक ने दुनिया को 100 से अधिक अन्य विद्वानों के लुप्त हो चुके कार्यों की जानकारी दी।



उनकी पुस्तक 'चहार मकाला' मध्यकालीन इस्लामी सभ्यता के ज्ञान और समाज को समझने का सबसे बड़ा स्रोत मानी जाती है। यह पुस्तक सन् 1156 ईस्वी के आसपास लिखी गई थी। उन्होंने इसमें यह विस्तार से बताया है कि एक साम्राज्य की सफलता केवल सुल्तान पर नहीं, बल्कि उसके दरबार के विशेषज्ञों की गुणवत्ता पर निर्भर करती है। उन्होंने दरबार में निम्नलिखित पदों पर विषय विशेषज्ञ लोगों को रखना चाहिए :

1.सचिव (Secretaries), जो प्रशासन और पत्राचार संभाल सकें।अरुजी के अनुसार, सचिव सुल्तान की 'जुबान' और 'हाथ' होता है। एक आदर्श सचिव में निम्नलिखित गुण होने चाहिए:

सांस्कृतिक गहराई: उसे साहित्य, इतिहास और दर्शन का व्यापक ज्ञान होना चाहिए ताकि वह पत्राचार में गंभीर संदर्भों का उपयोग कर सके।

भाषा पर अधिकार: सचिव को शब्दों का चयन इस तरह करना चाहिए कि दुश्मन डर जाए और मित्र का विश्वास बढ़े। अरुजी कहते हैं, "एक सचिव का पत्र तलवार से भी अधिक शक्तिशाली होना चाहिए।"

तर्कशक्ति (Logic): उसे जटिल राजनीतिक समस्याओं को सरल और तार्किक तरीके से सुलझाने में माहिर होना चाहिए।

गोपनीयता: वह सुल्तान के रहस्यों का सबसे बड़ा रक्षक होना चाहिए।

2.कवि (Poets), जो राजा की कीर्ति और इतिहास को अमर बना सकें। अरुजी समरकंदी ने कविता को केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि एक राजनैतिक उपकरण माना था। उनके अनुसार एक कवि के गुण: अमरता प्रदान करना: एक सुल्तान का शासन उसकी मृत्यु के साथ समाप्त हो सकता है, लेकिन एक महान कवि की रचना सुल्तान के नाम को सदियों तक जीवित रखती है।

मनोवैज्ञानिक प्रभाव: कवि में वह शक्ति होनी चाहिए कि वह सुल्तान के क्रोध को शांत कर सके या युद्ध के मैदान मंन सैनिकों का उत्साह चरम पर पहुँचा सके।

ज्ञान का भंडार: अरुजी का मानना था कि एक अच्छा कवि वह है जो खगोल विज्ञान, चिकित्सा और गणित का भी ज्ञान रखता हो, ताकि उसकी कविता में गहराई हो। इसमें में रुदकी और फिरदौसी , उमर खय्याम जैसे कवियों के प्रसंग हैं। अरुजी ने लिखा है कि एक बार सुल्तान महमूद गजनवी बहुत उदास था और युद्ध हारने की कगार पर था, तब उसके दरबारी कवि ने एक ऐसी कविता पढ़ी जिसने सुल्तान का मनोबल बदल दिया और वह युद्ध जीत गया। अरुजी इसे 'शब्दों का जादू' कहते हैं।

3.ज्योतिषी/खगोलशास्त्री (Astrologers/ Astronomers) , जो समय और भविष्य की गणना कर सकें। ज्योतिषी के तर्क में भविष्यवाणी, ग्रहों का ज्ञान और राज्य के कल्याण पर जोर। खुरासानी ज्योतिषियों की कथाओं से सिद्ध किया कि यह पेशा संकटों से पूर्व चेतावनी देता है।

4.चिकित्सक (Physicians), जो राजा और प्रजा के स्वास्थ्य का ध्यान रखें । तबिब (चिकित्सक) चिकित्सक को स्वास्थ्य रक्षक बताते हुए तर्क दिया कि वह केवल औषधि नहीं, बल्कि नैतिक आचरण भी सिखाए। व्यक्तिगत अनुभवों से चिकित्सा की सफलता और असफलतनिज़ामीता के उदाहरण दिए ।

उन्होंने इन चारों विशेषज्ञों (सचिव, कवि, ज्योतिषी, चिकित्सक) के लिए 'सफर' (Travel) को अनिवार्य माना । उनका कहना था कि जब तक एक विद्वान अलग-अलग संस्कृतियों, लोगों और मौसमों को नहीं देखता, उसका ज्ञान अधूरा है। अरुजी की लेखनी से ही पता चलता है कि उस समय वैज्ञानिक और गणितज्ञ केवल शोध नहीं करते थे, बल्कि उन्हें राजनीति और दरबारों में बहुत ऊंचा स्थान प्राप्त होता था।अरुजी समरकंदी की लेखनी ने यह समझने में मदद की कि मध्यकालीन इस्लामी दुनिया में विज्ञान केवल प्रयोगशालाओं तक सीमित नहीं था, बल्कि वह साहित्य (Literature) और संस्कृति का भी एक अभिन्न हिस्सा था। अरुजी समरकंदी ने अपनी पुस्तक 'चहार मकाला' में अल-बिरूनी और उनके साथियों की बुद्धिमत्ता को लेकर कई दिलचस्प किस्से दर्ज किए हैं। इनमें से एक सबसे प्रसिद्ध कहानी सुल्तान महमूद गजनवी और अल-बिरूनी के बीच हुए एक परीक्षण की है, जो यह दर्शाती है कि उस दौर के वैज्ञानिक कितने सटीक थे। कहानी के अनुसार, सुल्तान महमूद गजनवी अल-बिरूनी की ज्योतिषीय और गणितीय क्षमता को परखना चाहता था। एक दिन सुल्तान अपने महल के एक कमरे में बैठा था, जिसमें बाहर जाने के चार दरवाजे थे।

सुल्तान ने अल-बिरूनी से कहा, "बताओ, मैं इस कमरे से किस दरवाजे से बाहर निकलूंगा?" अल-बिरूनी ने अपनी गणनाएँ कीं, कागज के एक टुकड़े पर अपना उत्तर लिखा और उसे सुल्तान के सिंहासन के नीचे रख दिया ।

शेष अगले अंक में....

# राजस्थान कर्मचारी चयन आयोग में भर्ती

राजस्थान कर्मचारी चयन आयोग यानी RSSB की ओर से सुपरवाइजर यानी पर्यवेक्षक के 72 पदों पर भर्ती निकाली गई है। इन पदों पर केवल महिलाएं ही अप्लाई कर सकती हैं। इस वैकेंसी के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया स्टार्ट हो चुकी है। कैंडिडेट्स 4 फरवरी 2026 तक इसके लिए अप्लाई कर सकते हैं। कैंडिडेट्स ऑफिशियल वेबसाइट rssb.rajasthan.gov.in या SSO पोर्टल sso.rajasthan.gov.in पर जाकर फॉर्म भर सकते हैं।

**आवेदन शुरू :**
07 जनवरी से 05 फरवरी 2026 तक

**एजुकेशनल क्वालिफिकेशन:**
किसी मान्यता प्राप्त यूनिवर्सिटी से ग्रेजुएशन की डिग्री होनी चाहिए।
इसके साथ ही, कंप्यूटर शिक्षा में एक सर्टिफिकेट चाहिए जैसे- O लेवल।
देवनागरी लिपि में लिखी हिंदी में काम करने का ज्ञान एवं राजस्थान की संस्कृति का ज्ञान होना चाहिए।

**एज लिमिट:**
18 से 40 साल के उम्र के कैंडिडेट्स इसके लिए अप्लाई कर सकते हैं।
SC, ST और OBC वर्ग के कैंडिडेट्स को 5 साल की छूट दी जाएगी।

**एप्लिकेशन फीस:**
जनरल कैटेगरी के लिए 600 रुपए।
ओबीसी, एससी, एसटी, EWS और दिव्यांगों ले लिए 400 रुपए।

**सैलरी स्ट्रक्चर:**
सिलेक्टेड कैंडिडेट्स को पे मैट्रिक्स लेवल 7 के अनुसार सैलरी दी जाएगी।

**ऐसे करें अप्लाई:**
ऑनलाइन पोर्टल rssb.rajasthan.gov.in या SSO पोर्टल sso.rajasthan.gov.in से लॉग इन करें।
इसके बाद Citizen Apps (G2C) में Recruitment Portal चुनें।
Apply Now पर क्लिक करें।
उम्मीदवारों को वन टाइम रजिस्ट्रेशन (OTR) करना होगा।
इसके बाद कैंडिडेट्स अन्य डिटेल भरकर आवेदन प्रक्रिया पूरी कर सकते हैं।

# राजस्थान में एग्रीकल्चर सुपरवाइजर के 1,100 पदों पर भर्ती

राजस्थान कर्मचारी चयन आयोग यानी RSSB की ओर से एग्रीकल्चर सुपरवाइजर के 1,100 पदों पर भर्ती निकाली गई है। इस वैकेंसी के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 13 जनवरी, 2026 से शुरू होगी और 11 फरवरी, 2026 तक इसके लिए अप्लाई कर सकते हैं। कैंडिडेट्स ऑफिशियल वेबसाइट rssb.rajasthan.gov.in या SSO पोर्टल sso.rajasthan.gov.in पर जाकर फॉर्म भर सकते हैं। इसके अलावा, फॉर्म में करेक्शन करने की अंतिम तिथि 14 फरवरी 2026 निर्धारित की गई है।

**आवेदन शुरू :**
13 जनवरी से 11 फरवरी 2026 तक

**एजुकेशनल क्वालिफिकेशन:**
कैंडिडेट के पास भारत के किसी मान्यता प्राप्त यूनिवर्सिटी से BSc (एग्रीकल्चर) या BSc (हॉर्टिकल्चर) ऑनर्स की डिग्री होनी चाहिए।

**एज लिमिट:**
18 से 40 साल उम्र के कैंडिडेट्स इसके लिए अप्लाई कर सकते हैं।
SC, ST और OBC वर्ग के कैंडिडेट्स को 5 साल की छूट दी जाएगी।
वहीं, सामान्य वर्ग की महिलाओं को 5 साल की छूट मिलेगी।
एससी और एसटी वर्ग की महिला उम्मीदवारों को 10 वर्ष की छूट दी जाएगी।

**एप्लिकेशन फीस:**
जनरल कैटेगरी के लिए 600 रुपए।
ओबीसी, एससी, एसटी, EWS और दिव्यांगों के लिए 400 रुपए।

**सैलरी स्ट्रक्चर:**
सिलेक्टेड कैंडिडेट्स को पे मैट्रिक्स लेवल 5 के अनुसार सैलरी दी जाएगी।

**ऐसे करें अप्लाई:**
ऑनलाइन पोर्टल rssb.rajasthan.gov.in या SSO पोर्टल sso.rajasthan.gov.in से लॉग इन करें।
इसके बाद Citizen Apps (G2C) में Recruitment Portal चुनें।
Apply Now पर क्लिक करें।
उम्मीदवारों को वन टाइम रजिस्ट्रेशन (OTR) करना होगा।
इसके बाद कैंडिडेट्स अन्य डिटेल भरकर आवेदन प्रक्रिया पूरी कर सकते हैं।

# राजस्थान में प्रोटेक्शन ऑफिसर की भर्ती का नोटिफिकेशन जारी

राजस्थान के महिला एंव बाल विकास विभाग में प्रोटेक्शन ऑफिसर की भर्ती का नोटिफिकेशन जारी किया है। इस भर्ती के लिए 24 दिसंबर 2025 से आवेदन शुरू हो चुके हैं। उम्मीदवार ऑफिशियल वेबसाइट rpsc.rajasthan.gov.in पर जाकर अप्लाई कर सकेंगे।

**आवेदन शुरू :**
24 दिसंबर से 22 जनवरी 2026 तक

**एजुकेशनल क्वालिफिकेशन :**
लॉ ग्रेजुएट (LLB) या सोशल वर्क में मास्टर्स (MSW) की डिग्री।
उम्मीदवारों को देवनागरी भाषा और राजस्थानी संस्कृति का नॉलेज होना चाहिए।

**एज लिमिट :**
न्यूनतम : 18 साल
अधिकतम : 40 साल

**सिलेक्शन प्रोसेस :**
रिटन एग्जाम
डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन
मेडिकल एग्जाम
मेरिट लिस्ट

**फीस :**
सामान्य (अनारक्षित)/पिछड़ा वर्ग के क्रीमीलेयर/अति पिछड़ा वर्ग के क्रीमीलेयर : 600 रुपए
आरक्षित वर्ग एससी/एसटी/पिछड़ा वर्ग नॉन क्रीमीलेयर/अति पिछड़ा वर्ग-नॉन क्रीमी लेयर, ईडब्ल्यूएस : 400 रुपए

**सैलरी :**
लेवल - 11 के अनुसार
अन्य अलाउंस का लाभ भी मिलेगा।

**एग्जाम पैटर्न :**
जारी नहीं

**ऐसे करें आवेदन :**
सबसे पहले sso.rajasthan.gov.in पर OTR करें।

रॉयल पत्रिका

जयपुर से प्रकाशित होने वाले हिंदी अख़बार "रॉयल पत्रिका" साप्ताहिक में आप वैवाहिक, मकान बेचना है, मकान खरीदना है, इत्यादि के विज्ञापन देकर अपना वक़्त बचा सकते हैं। यह विज्ञापन बहुत ही रियायती रेट में छापे जाते हैं। विज्ञापन बुक करवाने के लिए संपर्क करें -

9772552446/9799559096

# राजस्थान में 10,644 पदों पर निकली भर्ती

राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड यानी RSSB ने एलडीसी ग्रेड-II और जूनियर असिस्टेंट पदों पर भर्ती निकाली है। उम्मीदवार RSSB की ऑफिशियल वेबसाइट rssb.rajasthan.gov.in पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। इस भर्ती के लिए आवेदन करने से पहले वन टाइम रजिस्ट्रेशन (OTR) करना जरूरी होगा।

**आवेदन शुरू :**
15 जनवरी से 13 फरवरी 2026 तक

**इन विभागों में होगी भर्ती :**
राजस्थान लोक सेवा आयोग
प्रशासनिक सुधार विभाग
कृषि विपणन निदेशालय
राजस्थान राज्य कृषि विपणन बोर्ड
राजस्थान प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड
माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान

**एजुकेशनल क्वालिफिकेशन :**
CET पास
12वीं पास
कंप्यूटर कोर्स किया होना चाहिए।
राजस्थानी संस्कृति का सामान्य ज्ञान।
हिंदी का वर्किंग नॉलेज।

**एज लिमिट :**
न्यूनतम : 18 साल
अधिकतम : 40 साल
राजस्थान के आरक्षित वर्गों और महिलाओं को सरकारी नियमों के अनुसार 5 से 10 साल की छूट मिलेगी।

**सिलेक्शन प्रोसेस :**
लिखित परीक्षा
टाइपिंग टेस्ट

**सैलरी :**
पे मैट्रिक्स लेवल-5 के अनुसार

**फीस :**
जनरल, क्रीमीलेयर ओबीसी : 600 रुपए
नॉन क्रीमीलेयर ओबीसी, ईडब्ल्यूएस, एससी, एसटी : 400 रुपए

**ऐसे करें आवेदन :**
ऑफिशियल वेबसाइट rssb.rajasthan.gov.in पर जाएं।
सबसे पहले OTR करके लॉगिन डिटेल्स को प्राप्त करें।
न्यू रजिस्ट्रेशन पर क्लिक करके रजिस्ट्रेशन प्रोसेस पूरी करें।
सभी डॉक्यूमेंट्स स्कैन करके अपलोड करें।
फीस का भुगतान करें।
फॉर्म सब्मिट कर दें।

# हरियाणा में असिस्टेंट इंजीनियर के 50 पदों पर भर्ती

हरियाणा लोक सेवा आयोग यानी HPSC की ओर से असिस्टेंट इंजीनियर के 50 पदों पर भर्ती के लिए नोटिफिकेशन जारी किया गया है। इन पदों पर आवेदन प्रक्रिया 13 जनवरी से शुरू होगी। इसके बाद कैंडिडेट्स ऑफिशियल वेबसाइट hpsc.gov.in पर जाकर अप्लाई कर सकेंगे। आवेदन की लास्ट डेट 12 फरवरी, 2026 शाम पांच बजे तक तय की गई है।

**आवेदन शुरू :**
13 जनवरी से 12 फरवरी 2026 तक

**एजुकेशनल क्वालिफिकेशन:**
इस पद पर आवेदन करने के लिए कैंडिडेट्स के पास भारत के किसी मान्यता प्राप्त इंस्टीट्यूशन से इंजीनियरिंग की डिग्री होनी चाहिए।
इसके अलावा, उम्मीदवारों ने कक्षा 10वीं तक हिंदी या संस्कृत पढ़ी हुई होनी चाहिए।

**एज लिमिट:**
उम्मीदवारों की न्यूनतम आयु 18 वर्ष और 42 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।
विशेष वर्ग के उम्मीदवारों को आयु-सीमा में छूट भी दी जाएगी।
आयु की गणना 12 फरवरी, 2026 के आधार पर की जाएगी।

**एप्लिकेशन फीस:**
जनरल कैटेगरी के कैंडिडेट्स के लिए एप्लिकेशन फीस 1,000 रुपए निर्धारित की गई है।
EWS, OBC, SC, ST और महिलाओं के लिए एप्लिकेशन फीस 250 रुपए है।
दिव्यांग उम्मीदवारों के लिए एप्लिकेशन फीस नि:शुल्क है।

**सैलरी स्ट्रक्चर:**
सिलेक्टेड कैंडिडेट्स को 53,100 रुपए से लेकर 1,67,800 रुपए तक प्रतिमाह सैलरी दी जाएगी।

**ऐसे करें अप्लाई:**
HPSC की ऑफिशियल वेबसाइट hpsc.gov.in पर जाएं।
होमपेज पर ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन लिंक पर क्लिक करें।
लिंक पर क्लिक करने के मोबाइल नंबर और ईमेल आईडी आदि दर्ज करें।

# रेलवे में 311 पदों पर भर्ती का नोटिफिकेशन जारी

रेलवे भर्ती बोर्ड ने 311 पदों पर भर्ती का नोटिफिकेशन जारी किया है। इस भर्ती के लिए आवेदन की शुरुआत 30 दिसंबर 2025 से होगी। उम्मीदवार ऑफिशियल वेबसाइट rrbapply.gov.in पर जाकर आवेदन कर सकेंगे।

**आवेदन शुरू:**
30 दिसम्बर से 29 जनवरी 2025 तक

**एजुकेशनल क्वालिफिकेशन :**
जूनियर हिंदी ट्रांसलेटर :
हिंदी या अंग्रेजी में पीजी डिग्री, जिसमें ग्रेजुएट लेवल पर हिंदी और अंग्रेजी अनिवार्य विषय हो।
स्टाफ और वेलफेयर इंस्पेक्टर :
श्रम कानूनों में विशेषज्ञता के साथ ग्रेजुएशन की डिग्री और डिप्लोमा या LLB की डिग्री।
**चीफ लॉ असिस्टेंट :**
लॉ की डिग्री और बार में वकील के रूप में कम से कम 3 साल का वर्क एक्सपीरियंस।
लैब असिस्टेंट ग्रेड III (केमिस्ट & मेटलर्जिस्ट) :
साइंस सब्जेक्ट (फिजिक्स और केमेस्ट्री) के साथ 12वीं पास।
प्रयोगशाला प्रौद्योगिकी में डिप्लोमा या सर्टिफिकेट प्राप्त किया हो।
**सीनियर पब्लिसिटी इंस्पेक्टर :**
जनसंपर्क, विज्ञापन, पत्रकारिता या जनसंचार में डिग्री या डिप्लोमा, साथ ही 2 साल का अनुभव।
**पब्लिक प्रॉसिक्यूटर :**
जनसंपर्क, विज्ञापन, पत्रकारिता या जनसंचार में डिग्री या डिप्लोमा।
साइंटिफिक असिस्टेंट/ ट्रेनिंग :
साइकोलॉजी में PG डिग्री के साथ एक साल का एक्सपीरियंस।

**एज लिमिट :**
न्यूनतम : 18 वर्ष
अधिकतम : 40 वर्ष
रिजर्व कैटेगरी के उम्मीदवारों को अधिकतम उम्र में छूट दी जाएगी।

**फीस :**
जनरल/ओबीसी/ईडब्ल्यूएस : 500 रुपए
एससी/एसटी : 250 रुपए
रिफंड फीस : 400 रुपए

**सिलेक्शन प्रोसेस :**
रिटन एग्जाम
स्किल टेस्ट
डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन
मेडिकल एग्जाम

**सैलरी :**
जूनियर हिंदी ट्रांसलेटर : 35,400 रुपए प्रतिमाह
स्टाफ और वेलफेयर इंस्पेक्टर : 35,400 रुपए प्रतिमाह
चीफ लॉ असिस्टेंट : 44,900 रुपए प्रतिमाह
लैब असिस्टेंट ग्रेड III (केमिस्ट & मेटलर्जिस्ट) : 19,900 रुपए प्रतिमाह
सीनियर पब्लिसिटी इंस्पेक्टर : 35,400 रुपए प्रतिमाह
पब्लिक प्रॉसिक्यूटर : 44,900 रुपए प्रतिमाह
साइंटिफिक असिस्टेंट/ ट्रेनिंग : 35,400 रुपए प्रतिमाह

**ऐसे करें आवेदन :**
ऑफिशियल वेबसाइट rrbapply.gov.in पर जाएं।
होमपेज पर अप्लाई ऑनलाइन के लिंक पर क्लिक करें।
न्यू रजिस्ट्रेशन लिंक पर क्लिक करके मांगी गई डिटेल्स दर्ज करें।
रजिस्ट्रेशन होने के बाद लॉग इन करें।
फीस (यदि लागू हो) जमा करें।

# प्रशासनिक सेवाओं की तैयारी के लिए महत्वपूर्ण प्रश्न

## (पिछले अंक से जारी) (रणनीति)

56. 'विदवा पुनर्विवाह अधिनियम' किस वर्ष पारित हुआ?
(A) 1848 ई. (B) 1850 ई.
(C) 1856 ई. (D) 1861 ई.
उत्तर: (C)
व्याख्या: 1856 ई. में लॉर्ड डलहौजी के समय ईश्वरचंद्र विद्यासागर के प्रयासों से विधवा पुनर्विवाह अधिनियम पारित हुआ।

57. '1857 की क्रांति' का तत्काल कारण क्या था?
(A) सैन्य असंतोष (B) नई राइफल कारतूसों का प्रयोग
(C) भूमि नीति
(D) धार्मिक भेदभाव
उत्तर: (B)
व्याख्या: नई राइफल कारतूसों में गाय और सुअर की चर्बी के उपयोग की अफवाह से सैनिकों में विद्रोह हुआ।

58. 1857 की क्रांति का आरंभ कहाँ से हुआ?
(A) दिल्ली (B) कानपुर
(C) मेरठ (D) लखनऊ
उत्तर: (C)
व्याख्या: 10 मई 1857 को मेरठ से सैनिकों ने विद्रोह शुरू किया जो शीघ्र ही पूरे उत्तर भारत में फैल गया।

59. 1857 के विद्रोह के दौरान बहादुर शाह ज़फ़र कहाँ के सम्राट घोषित हुए?
(A) दिल्ली (B) लखनऊ
(C) कानपुर (D) झांसी
उत्तर: (A) व्याख्या: विद्रोह के दौरान दिल्ली में बहादुर शाह ज़फ़र को भारत का सम्राट घोषित किया गया।

60. 1857 की क्रांति में रानी लक्ष्मीबाई ने कहाँ वीरगति पाई?
(A) झांसी (B) कालपी
(C) ग्वालियर (D) कानपुर
उत्तर: (C) व्याख्या: रानी लक्ष्मीबाई ने 1858 में ग्वालियर में वीरगति प्राप्त की।

61. 1857 की क्रांति के दौरान 'कानपुर' के नेता कौन थे?
(A) नाना साहेब (B) तात्या टोपे
(C) बहादुर शाह (D) अहमद शाह
उत्तर: (A)
व्याख्या: नाना साहेब कानपुर के नेतृत्वकर्ता थे और तात्या टोपे उनके सेनापति थे।

62. 1857 के विद्रोह को अंग्रेज इतिहासकारों ने क्या कहा?
(A) प्रथम स्वतंत्रता संग्राम
(B) सैनिक विद्रोह (C) महान युद्ध
(D) सामाजिक सुधार
उत्तर: (B)
व्याख्या: अंग्रेज इतिहासकार इसे "सिपाही विद्रोह" कहते थे, जबकि भारतीय इतिहासकार इसे प्रथम स्वतंत्रता संग्राम मानते हैं।

63. 1858 में भारत शासन का अधिकार ईस्ट इंडिया कंपनी से किसे मिला?
(A) ब्रिटिश संसद
(B) ब्रिटिश ताज (क्राउन)
(C) गवर्नर जनरल
(D) ईस्ट इंडिया एसोसिएशन
उत्तर: (B)
व्याख्या: 1858 ई. में ब्रिटिश संसद ने भारत का शासन ईस्ट इंडिया कंपनी से लेकर ब्रिटिश क्राउन को दे दिया।

64. 'भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस' की स्थापना कब हुई?
(A) 1885 ई. (B) 1889 ई.
(C) 1890 ई. (D) 1905 ई.
उत्तर: (A)
व्याख्या: भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की स्थापना 1885 में ए. ओ. ह्यूम द्वारा की गई थी।

65. कांग्रेस का प्रथम अधिवेशन कहाँ हुआ था?
(A) कलकत्ता (B) बंबई
(C) इलाहाबाद (D) लखनऊ
उत्तर: (B)
व्याख्या: कांग्रेस का पहला अधिवेशन दिसंबर 1885 में बंबई में हुआ, जिसकी अध्यक्षता डब्ल्यू. सी. बनर्जी ने की।

66. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का उद्देश्य प्रारंभ में क्या था?
(A) स्वतंत्रता प्राप्त करना
(B) ब्रिटिश सरकार से सुधारों की मांग
(C) सशस्त्र संघर्ष (D) विभाजन
उत्तर: (B)
व्याख्या: प्रारंभ में कांग्रेस का उद्देश्य ब्रिटिश शासन के भीतर सुधारों की मांग करना था।

67. 'बंगाल विभाजन' कब हुआ था?
(A) 1903 ई. (B) 1905 ई.
(C) 1907 ई. (D) 1911 ई.
उत्तर: (B)
व्याख्या: लॉर्ड कर्ज़न ने 1905 में बंगाल का विभाजन किया जिससे व्यापक विरोध हुआ।

68. 'स्वदेशी आंदोलन' की शुरुआत किसने की?
(A) बाल गंगाधर तिलक
(B) लाला लाजपत राय
(C) बिपिन चंद्र पाल
(D) उपर्युक्त सभी
उत्तर: (D)
व्याख्या: तिलक, लाजपत राय और बिपिन चंद्र पाल ने मिलकर स्वदेशी और बहिष्कार आंदोलन का नेतृत्व किया।

69. '1907 के सूरत अधिवेशन' में क्या हुआ था?
(A) बंगाल विभाजन का विरोध
(B) कांग्रेस में गरमदल–नरमदल का विभाजन
(C) नई मांगें
(D) संविधान का प्रस्ताव
उत्तर: (B)
व्याख्या: 1907 के सूरत अधिवेशन में कांग्रेस दो गुटों — गरमदल और नरमदल — में विभाजित हो गई।

70. 'मुस्लिम लीग' की स्थापना कब हुई थी?
(A) 1905 ई. (B) 1906 ई.
(C) 1907 ई. (D) 1911 ई.
उत्तर: (B)
व्याख्या: मुस्लिम लीग की स्थापना 1906 में ढाका में नवाब सलीमुल्ला खान के नेतृत्व में हुई।

-डॉ. एम . ए. खान
प्रोफेसर (भूगोल)

# विद्यार्थियों के भविष्य को नई दिशा देगा 'My Career Advisor' ऐप, मिलेगा पर्सनलाइज्ड करियर गाइडेंस

आज के दौर में विद्यार्थियों के सामने सबसे बड़ी चुनौती यह है कि वे अपनी पढ़ाई के बाद किस दिशा में आगे बढ़ें। बदलती टेक्नोलॉजी, नए-नए प्रोफेशन और तेजी से बदलते जॉब मार्केट के बीच सही करियर विकल्प चुनना आसान नहीं रहा। इसी जरूरत को समझते हुए शिक्षा विभाग ने विद्यार्थियों के लिए एक अहम और कारगर पहल की है। 'My Career Advisor' नाम से लॉन्च किया गया यह मोबाइल ऐप विद्यार्थियों को उनके इंटरेस्ट, योग्यता और कौशल के आधार पर पर्सनलाइज्ड करियर गाइडेंस देने का काम करेगा।

**क्या है 'My Career Advisor' ऐप**

'My Career Advisor' एक एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) आधारित करियर अवेयरनेस और गाइडेंस ऐप है। इसे शिक्षा मंत्रालय और NCERT–PSSCIVE द्वारा संयुक्त रूप से डेवलप किया गया है। यह ऐप खास तौर पर कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों के लिए तैयार किया गया है, लेकिन इसके साथ-साथ शिक्षक, अभिभावक और करियर काउंसलर भी इसका लाभ उठा सकते हैं। यह ऐप विद्यार्थियों को उनके भविष्य के लिए सही योजना बनाने, अलग-अलग करियर विकल्पों को समझने और अपने लिए सबसे उपयुक्त रास्ता चुनने में मदद करता है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 (NEP-2020) के अनुरूप यह ऐप छात्रों को करियर के प्रति जागरूक और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक मजबूत कदम है।

**1500 से अधिक करियर विकल्पों की जानकारी**

इस ऐप की सबसे बड़ी खासियत यह है कि इसमें 1500 से अधिक करियर विकल्पों और जॉब रोल्स की विस्तृत जानकारी उपलब्ध है। विद्यार्थी यहां आर्ट एंड डिजाइन, बिजनेस एंड मार्केटिंग, इंजीनियरिंग, हेल्थ, साइंस, मीडिया, स्पोर्ट्स, एजुकेशन, ट्रैवल, हॉस्पिटैलिटी, एनवायरनमेंट जैसे कई क्षेत्रों के करियर अवसरों के बारे में जान सकते हैं। इतना ही नहीं, ऐप में



क्रॉस-सेक्टरल जॉब्स और भविष्य में उभरने वाले करियर विकल्पों पर भी जानकारी दी गई है। इससे विद्यार्थियों को यह समझने में आसानी होगी कि आने वाले समय में किन क्षेत्रों में ज्यादा अवसर हो सकते हैं और उन्हें किन स्किल्स पर काम करना चाहिए।

**तीन टेस्ट के जरिए सेल्फ-रिव्यू**

'My Career Advisor' ऐप विद्यार्थियों को खुद को बेहतर तरीके से समझने का मौका देता है। इसके लिए ऐप में तीन खास टेस्ट शामिल किए गए हैं— एप्टीट्यूड टेस्ट (लगभग 20 मिनट) इंटरेस्ट टेस्ट (लगभग 12 मिनट) वैल्यूज टेस्ट (लगभग 14 मिनट)

इन टेस्ट्स के जरिए विद्यार्थी अपनी क्षमताओं, रुचियों और जीवन मूल्यों का सेल्फ-रिव्यू कर सकते हैं। टेस्ट के नतीजों के आधार पर ऐप एआई की मदद से विद्यार्थियों को करियर इनसाइट्स और उनके लिए उपयुक्त जॉब रोल्स सुझाता है। इससे विद्यार्थी सिर्फ दूसरों की सलाह पर नहीं, बल्कि अपने खुद के डेटा और एनालिसिस के आधार पर करियर का फैसला कर सकते हैं।

**डिग्री और बिना डिग्री दोनों तरह के विकल्प**

इस ऐप की एक और खास बात यह है कि इसमें केवल कॉलेज डिग्री वाले करियर ही नहीं, बल्कि बिना डिग्री के जॉब ऑप्शन भी शामिल किए गए हैं। इससे उन विद्यार्थियों को भी मार्गदर्शन मिलता है जो किसी वजह से उच्च शिक्षा जारी नहीं रख पाते या स्किल-आधारित करियर चुनना चाहते हैं। यह पहल हर तरह के विद्यार्थियों को ध्यान में रखकर की गई है, ताकि कोई भी छात्र खुद को पीछे न महसूस करे और अपनी क्षमता के अनुसार आगे बढ़ सके।

**प्रोफाइल बनाकर साझा कर सकते हैं जानकारी**

'My Career Advisor' ऐप में विद्यार्थी अपनी व्यक्तिगत प्रोफाइल बना सकते हैं। वे अपने पसंदीदा करियर विकल्प चुन सकते हैं, सेल्फ-रिव्यू रिपोर्ट देख सकते हैं और मैच्ड रोल्स को सेव कर सकते हैं। सबसे अहम बात यह है कि विद्यार्थी अपनी रिपोर्ट और करियर विकल्पों की जानकारी अभिभावकों, शिक्षकों और काउंसलर्स के साथ साझा भी कर सकते हैं। इससे करियर से जुड़े फैसले सामूहिक सलाह और सही समझ के साथ लिए जा सकते हैं, जो अक्सर बेहतर और व्यावहारिक साबित होते हैं।

**एंड्रॉयड और iOS पर उपलब्ध**

'My Career Advisor' ऐप को विद्यार्थी आसानी से एंड्रॉयड प्ले स्टोर और iOS ऐप स्टोर से डाउनलोड कर सकते हैं। ऐप का इंटरफेस सरल और यूजर-फ्रेंडली है, जिससे तकनीक से कम परिचित विद्यार्थी भी आसानी से इसका इस्तेमाल कर सकें।

**शिक्षा विभाग का मानना**

राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद के उपायुक्त संतोष कुमार मीणा ने बताया कि यह ऐप राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के अनुरूप विद्यार्थियों को भविष्य के लिए तैयार करने में मदद करेगा। इससे छात्रों में करियर को लेकर जागरूकता बढ़ेगी और वे समय रहते सही योजना बना सकेंगे। कुल मिलाकर, 'My Career Advisor' ऐप विद्यार्थियों के लिए एक भरोसेमंद और आधुनिक करियर गाइड साबित हो सकता है। यह ऐप न सिर्फ करियर की जानकारी देता है, बल्कि विद्यार्थियों को खुद को समझने, सही दिशा चुनने और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने में मदद करता है। आज जब करियर विकल्पों की भरमार है, ऐसे में यह ऐप छात्रों के लिए एक मजबूत सहारा बनकर उभर रहा है।

# सर्द हवा से कानों में दर्द और खुजली: सही देखभाल अपनाकर पाएं राहत

सर्दियों का मौसम जहाँ एक ओर ठंडी हवा और सुहावना एहसास लेकर आता है, वहीं दूसरी ओर यह हमारी सेहत पर कई तरह के बुरे असर भी डाल सकता है। खासतौर पर कानों की सेहत इस मौसम में ज्यादा प्रभावित होती है। ठंडी और सूखी हवा कानों की त्वचा को नुकसान पहुंचा सकती है, जिससे दर्द, खुजली, जलन और असहजता जैसी समस्याएं पैदा हो जाती हैं। अगर समय रहते इन पर ध्यान न दिया जाए, तो आगे चलकर ये छोटी समस्याएं बड़ी परेशानी का रूप ले सकती हैं।

**सर्द हवा से कानों को कैसे नुकसान होता है?**

सर्दियों में हवा में नमी की कमी हो जाती है। जब ठंडी और सूखी हवा सीधे कानों के संपर्क में आती है, तो कानों की अंदरूनी और बाहरी त्वचा रूखी हो जाती है। इससे खुजली, जलन और कभी-कभी दर्द भी होने लगता है। कई लोगों को ऐसा लगता है कि कानों में कुछ फंसा हुआ है या फिर बार-बार कान में हाथ डालने की इच्छा होती है, जो स्थिति को और बिगाड़ सकती है।

**बाहर निकलते समय कानों को ढकना क्यों जरूरी है?**

सर्दियों में घर से बाहर निकलते समय कानों को ढकना बेहद जरूरी होता है। अगर आप अपने कानों को ठंडी हवा से नहीं बचाते हैं, तो आपको कान से जुड़ी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है।



**बाहर जाते समय ऊन की टोपी पहनें**

अगर टोपी पसंद नहीं है, तो मफलर या शॉल से कानों को अच्छी तरह ढक लें, बाइक या स्कूटर चलाते समय हेलमेट जरूर पहनें, यह छोटी-सी आदत आपके कानों को ठंडी हवा से बचाकर दर्द और खुजली की समस्या से राहत दिला सकती है।

**कानों में तेल डालना: पुराना लेकिन असरदार उपाय**

पुराने जमाने से कानों में तेल डालना एक कारगर घरेलू उपाय माना जाता रहा है। सर्दियों में तेल कानों की रूखी त्वचा को नमी देता है और खुजली व दर्द से राहत पहुंचाता है। तेल डालने का सही तरीका, सबसे पहले तेल को हल्का गुनगुना कर लें, ध्यान रखें कि तेल ज्यादा गर्म न हो, अब एक कान में 2 से 4 बूंदें डालें, 5 से 10 मिनट तक करवट लेकर लेट जाएं, इसके बाद दूसरे कान में भी यही प्रक्रिया दोहराएं, इससे कानों के अंदर जमा सूखापन कम होता है और आराम मिलता है।

**कौन-सा तेल डालना फायदेमंद है?**

कानों में तेल डालने के लिए कुछ तेल खासतौर पर फायदेमंद माने जाते हैं— सरसों का तेल – इसमें गर्म तासीर होती है, जो सर्दियों में बहुत लाभदायक होती है, नारियल का तेल – यह त्वचा को गहराई से नमी देता है, जैतून का तेल – इसमें औषधीय गुण होते हैं, जो खुजली और जलन को कम करते हैं, हालांकि, किसी भी तेल का इस्तेमाल करने से पहले ईएनटी डॉक्टर से सलाह लेना बेहद जरूरी है, खासकर अगर पहले से कान में दर्द, बहाव या इंफेक्शन की समस्या हो।

**कानों की सफाई कैसे और कितनी बार करें?**

कानों की सही सफाई भी बहुत जरूरी है, लेकिन जरूरत से ज्यादा सफाई नुकसानदायक हो सकती है। हफ्ते में एक से दो बार हल्के हाथ से सफाई करें, कान के अंदर नुकीली चीजें या माचिस की तीली न डालें, गीले कपड़े से कान के बाहरी हिस्से को साफ करें, अगर ज्यादा मैल जमा हो, तो डॉक्टर से साफ करवाएं, गलत तरीके से सफाई करने से कान की अंदरूनी त्वचा को नुकसान पहुंच सकता है।

**किन बातों का रखें खास ध्यान?**

बार-बार कान में खुजली हो तो खुजलाने से बचें, ठंड में बाल धोने के बाद कान अच्छे से सुखाएं, बहुत ठंडी हवा में लंबे समय तक न रहें, ईयरफोन या हेडफोन का ज्यादा इस्तेमाल न करें, अगर इन सावधानियों के बावजूद कानों में दर्द, खुजली या जलन बनी रहती है, तो इसे नजरअंदाज न करें।

# "सितारों से आगे, जहाँ और भी हैं"- अबरार खान

## -आथूना मोहल्ला चूरू के अबरार खान का असिस्टेंट प्रोफेसर में हुआ चयन





**मोहम्मद अली पठान**

चूरू (रॉयल पत्रिका)। जिला मुख्यालय पर इंटेलेक्चुअल मुस्लिम सोसायटी चूरू के प्रतिनिधि मंडल द्वारा हाल ही में जारी RPSC रिजल्ट में अबरार खान (स्कूल व्यख्याता) पुत्र याकूब खान मुन्याण का असिस्टेंट प्रोफेसर (कॉलेज शिक्षा) में चयन होने पर उनके निवास स्थान आथुणा मौहल्ला चूरू पहुँच कर अबरार खान का माल्यार्पण के साथ सोसाइटी का प्रतीक चिन्ह भेंट कर बधाई एवं शुभकामनाएं दी, और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए दुआएं की। प्रतिनिधि मंडल में सोसाइटी के अध्यक्ष शौकत अली खान (रिटायर्ड एडिशनल कमिश्नर), जनरल सेक्रेटरी डॉक्टर एफ एच गोरी (पूर्व पीएमओ), वरिष्ठ उपाध्यक्ष मोहम्मद अयूब (रिटायर्ड एडिशनल एसपी), कोषाध्यक्ष मोहम्मद आरिफ खान (प्रिंसिपल), शिक्षाविद रसीद खां मोयल, शिक्षाविद खुर्शीद गौरी, शिक्षाविद सादिक खान, शिक्षाविद निसार खां मुन्याण, सलीम खां दिलावारखानी, शिक्षाविद आरिफ खान, संवाददाता मोहम्मद अली पठान आदि शामिल रहे। इस अवसर पर मौहल्ले के वयोवृद्ध समाज सेवी एवं शिक्षाविद आजम अली खां, हाजी निजामुद्दीन खां नेताजी, हाजी शफी खा चायल, अलादीन खां मलवाण, जाफर खान, महमूद जोईया, शिक्षाविद राजीव सक्सेना, अनवर इसेखानी व परिवार से उनके पिता याकूब खां, चाचा नबाब खां, मैनुद्दीन खां, शमशेर खां गार्ड , भाई रेहान खान, साहिल खान, इकराम खान, शकील खान, मोहम्मद जमील, मोहम्मद अब्बास, मोहम्मद अरशद आदि भी उपस्थित रहे।इस अवसर पर अबरार खान ने सोसायटी का आभार प्रकट करते हुए कहा कि इस तरह के अभिनन्दन से समाज के अन्य प्रतिभागियों को भी मोटिवेशन एवं प्रेरणा मिलती हैं।

# गणतंत्र दिवस के अवसर पर व्रत स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन



चूरू (रॉयल पत्रिका)। जिला मुख्यालय पर गणतंत्र दिवस के अवसर पर वृत्त स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन जोधपुर डिस्कॉम चूरू में 16 जनवरी 26 व 18 जनवरी 26 मध्य किया गया क्रिकेट एवं वॉलीबॉल के मैच महाराणा प्रताप खेल मैदान घंटेल, वह शतरंज एवं कैरम प्रतियोगिता का आयोजन वृत्त कार्यालय सभागार में किया गया। शतरंज में विजेता पवन कुमार वर्मा लेखाधिकारी एवं उप विजेता राकेश कुमार स्वामी सहायक अभियंता रहे। केरम में विजेता मोहम्मद अकरम अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी एवं यूनुस अली रहे व मोहम्मद अल्ताफ़ एवं अमन चौहान उप विजेता रहे। वॉलीबॉल में विजेता सादुलपुर एव उपविजेता चूरू रही। क्रिकेट प्रतियोगिता के अंतिम दिन महाराणा प्रताप खेल मैदान मैं फाइनल एव सेमीफाइनल खेला गया।फाइनल में मुकाबला बिदासर एव चूरू के मध्य हुआ जिसमे विजेता टीम चूरू रही। विजेता एव उपविजेता टीम के खिलाड़ियो को पुरस्कार अधीक्षण अभियंता चूरू आर पी वर्मा द्वारा 26/01/26 को दिए जायेगे। सेमीफाइनल मैच सरदारसहर व चूरू के बीच खेला गया जिसमे सरदारसहर ने 51 रन का लक्ष्य दिया जिसे चूरु ने जीता दूसरा मुकाबला तारानगर/साहवा एव बीदासर के मध्य हुआ जिसमे बीदासर ने 131 रौन का टारगेट दिया जिसमे बीदासर विजयी हुआ। फाइनल मुकाबला बीदासर एव चूरू के मध्य हुआ जिसमे बीदासर ने 100 रन का लक्ष्य दिया जिसे चूरु ने 6 विकेट रहते जीत लिया।

# सांसद राहुल कस्वा व रफ़ीक मंडेलिया के जन्म दिन पर तीन दिवसीय कार्यक्रम आयोजित होंगे



चूरू (रॉयल पत्रिका)। शहर व ग्रामीण क्षेत्र में तीन दिवसीय चूरू सांसद राहुल कस्वा व राजस्थान प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष ऱफ़ीक मंडेलिया के जन्म दिन पर अनेक कार्यक्रम आयोजित होगे। चूरू जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष आदुराम न्यौल ने बताया कि राजस्थान प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष ऱफ़ीक मंडेलिया का तीन दिवसीय कार्यक्रम में 19 जनवरी को दुधवारा खारा में नरेगा बचाओ मजदूरों से 11 बजे झारिया में नरेगा बचाओ, दोपहर 1 बजे चूरू अब्दुला कुरैशी मोहल्ला व्यापारियों 2 बजे, अजहर के मोहल्ला लुहारान, 3 बजे मदीना मस्जिद के पास रॉयल संस्थान कार्यक्रम 4 बजे व सद्दाम हुसैन चेजारा मस्जिद के पास 5 बजे आयोजित कार्यक्रम में शामिल होगे। चूरू जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष जमील चौहान ने बताया कि सांसद राहुल कस्वा व राजस्थान प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष ऱफ़ीक मंडेलिया के जन्मदिवस पर 20 जनवरी को चूरू शहर ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय व देहात ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय मंडेलिया हाउस पर 11 बजे केक काटकर, युवा कांग्रेस द्वारा 11: 30 भरतीया अस्पताल में फल वितरण, नई सड़क पर पूर्व सभापति गोविंद महनसरिया यहां 11:45 बजे केके काटकर, पी एच सी स्वास्थ केंद्र नम्बर 8 वार्ड नम्बर 10 चूरू में 12 बजे समाज सेवी संजय भाटी द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर, अपनी पाठशाला व मुख बुद्धि संस्था में ओबीसी जिला अध्यक्ष नारायण बालान, जैन गेस्ट हाउस में 1 बजे कांग्रेस नेता रमजान खान एवं शिव कुमार शर्मा द्वारा कम्बल वितरण, राजगढ़ रोड़ पर 1:30 बजे पार्षद विमल शर्मा केजीआर रिसोर्ड उदघाटन व सम्मान, हनुमान गढ़ी गौशाला में 3 बजे रामप्रताप कांटीवाल एवं विमल शर्मा द्वारा गुड़ वितरण व तुला दान, कड़वासर गोशाला में 3:30 बजे युवा नेता हेमन्त सिहाग द्वारा चारा वितरण, मदरसा छींपा में 4 बजे पार्षद अज़ीज़ खान द्वारा सम्मान और अल्पहार, मोलबक्स हवेली के आगे जाबिर कुरैशी द्वारा 5 बजे सम्मान सामरोह व गांव झारिया में 6 बजे सरपंच प्रतिनिधि निसार खान द्वारा कम्बल वितरण कार्यक्रम होगा सभी आयोजन सांसद राहुल कस्वा व राजस्थान प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष ऱफ़ीक मंडेलिया के चाहने वालों ने रखा गया है।

# सरदारशहर में दिन दहाड़े घर में चोरी करने के मामले में अन्तर्राज्यीय गिरोह के 02 आरोपी गिरफ्तार



चूरू (रॉयल पत्रिका)। जिला पुलिस अधीक्षक जय यादव आईपीएस ने बताया कि 05 दिसमबर 2025 को सुरेश कुमार बुनकर पुत्र बाबुलाल बुनकर जाति मेघवाल उम्र 55 वर्ष पेशा नोकरी निवासी मनोहरपुर पुलिस थाना मनोहरपुर जिला जयपुर ग्रामिण हाल सहायक उप डाकपाल सरदारशहर ने मामला दर्ज करवाया कि 28/11/2025 की दिन दहाडे मेरे घर में घुस कर कोई अज्ञात चोर नगदी व सोना चांदी के आभुषण चोरी कर ले गये। जिस पर प्रकरण सख्या 434/2025 जुर्म धारा 305 (1) बीएनएस में दर्ज कर अनुसंधान प्रारम्भ किया गया। उक्त घटना को ट्रेस आउट करने व अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु अति० पुलिस अधीक्षक चूरू सुनिल कुमार आरपीएस व वृताधिकारी सरदारशहर कुलदीप वालिया आरपीएस के निकट सुपरवीजन में सरदारशहर थानाधिकारी मदनलाल बिश्नोई, ओमप्रकाश यादव के नेतृत्व मे घटना की सुचना मिलते ही तुरन्त प्रभाव से अलग अलग टीमों का गठन कर मुलजिमान की तलाश शुरू की गई। टीमो के द्वारा जगह जगह सीसीटीवी पड़ताल एवं आसुचना सकंलन से थाना ईलाका, पुलिस थाना तारानगर, राजगढ, हरियाणा, दिल्ली, हरिद्वार युपी में तलाश करते हुये मुकदमा हाजा के माल मसरूका को चोरी करने के मुल्जिमान 1. प्रीतम पुत्र मेवाराम उम्र 30 साल निवासी गांव कल्लासर पीएस कलायत जिला कैथल हरियाणा व 2. सुखमन्द्र सिंह उर्फ मन्दर पुत्र सुरत सिंह उम्र 30 साल निवासी मकान सं 1296 गली नं 1 बुडा गुर्जर रोड गार्डन कॉलोनी मुक्तसर पीएस शहर जिला मुक्तसर पंजाब को चिन्हित किया गया। उक्त मुलजिमान द्वारा पुर्व मे जिला चूरू, हनुमानगढ, हरियाणा मे काफी चोरी की वारदात करना पाया था जिस पर पुलिस थाना सरदारशहर की टीम, जिला हनुमानगढ की टीम, जिला सिरसा की टीमो द्वारा सयुक्त दबिस दी जाकर मुलजिमान प्रीतम व सुखमन्द्र सिंह उर्फ मन्दर को गिरफ्तार किया गया था जिनको जिला पुलिस सिरसा व हनुमानगढ द्वारा चोरी के प्रकरणो मे गिरफ्तार किया जाकर जेल भिजवाया गया था। थाना हाजा पर उक्त आरोपीगण चोरी के मामले मे वांछित होने पर माननीय न्यायालय सरदारशहर से प्रोडेक्शन वारंट जारी करवाया जाकर जिला जेल हनुमानगढ से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार शुदा मुल्जिमान 1. प्रीतम पुत्र मेवाराम उम्र 30 साल निवासी गांव कल्लासर पीएस कलायत जिला कैथल हरियाणा व 2. सुखमन्द्र सिंह उर्फ मन्दर पुत्र सुरत सिंह उम्र 30 साल निवासी मकान सं 1296 गली नं 1 बुडा गुर्जर रोड गार्डन कॉलोनी मुक्तसर पीएस शहर जिला मुक्तसर पंजाब को माननीय न्यायालय मे पेश कर पुलिस रिमांड प्राप्त कर मुलजिमान से गहनता से वारदात मे अन्य शरिक मुलजिमान एवं बरामदगी व अन्य चोरियो की वारदातो बाबत पुछताछ की जाकर मुलजिमान 1. प्रीतम 2. सुखमन्द्र सिंह उर्फ मन्दर से चोरीशुदा माल नियमानुसार बरामद किया गया।

# दक्षिण राजस्थान में दिल की अनियमित धड़कन का इलाज अब संभव

## -गीतांजली हॉस्पिटल में अत्याधुनिक ईपी मशीन की शुरुआत



उदयपुर (रॉयल पत्रिका)। राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं को नई ऊँचाइयों तक ले जाते हुए गीतांजली हॉस्पिटल ने हृदय रोग उपचार के क्षेत्र में एक और ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। हॉस्पिटल के हृदय रोग विभाग में अत्याधुनिक ईपी (Electro-physiology) एवं आर एफ ए (RFA) मशीन की स्थापना की गई है, जिससे हृदय की धड़कन संबंधी जटिल बीमारियों का अत्यंत सटीक और आधुनिक उपचार संभव हो सकेगा। मल्टी-डिसिप्लिनरी अप्रोच पर कार्यरत गीतांजली हॉस्पिटल में यह तकनीक कार्डियोलॉजी, कार्डियो-थोरेसिक सर्जरी, विभागों के समन्वय से मरीजों को बेहतर, सुरक्षित और समग्र इलाज प्रदान करेगी। यह सुविधा हार्ट रिदम डिसऑर्डर (एरिदमिया) से पीड़ित मरीजों के लिए वरदान साबित होगी। हृदय रोग विभागाध्यक्ष व विशेषज्ञ डॉ. रमेश पटेल के अनुसार, ईपी स्टडी मशीन की मदद से हृदय की विद्युत गतिविधियों की गहराई से जांच कर बीमारी की जड़ तक पहुँचना संभव होगा। इससे बिना बड़ी सर्जरी के कई जटिल हृदय रोगों का इलाज किया जा सकेगा और उपचार की सफलता दर में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। इपी विशेषज्ञ डॉ. गौरव मित्तल ने बताया कि इस तकनीक के आने से न केवल दक्षिण राजस्थान बल्कि आसपास के राज्यों के मरीजों को भी विश्वस्तरीय कार्डियक सुविधाएं अपने ही क्षेत्र में उपलब्ध होंगी। इससे मरीजों को महानगरों की ओर पलायन से भी राहत मिलेगी। गीतांजली हॉस्पिटल निरंतर नवीनतम चिकित्सा तकनीकों को अपनाते हुए शिक्षा, अनुसंधान और उपचार के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रहा है।

# झाब पंचायत समिति बहाली आंदोलन तेज, भाजपा के गढ़ में गरजे भाजपा नेता

## -झाब पंचायत समिति पुन: बनाने को लेकर ग्रामीणों का प्रतिदिन धरना जारी



सांचौर (रॉयल पत्रिका) । पंचायत समिति झाब को निरस्त करके भादरूणा बनाने के विरोध में झाब सहित आसपास के अनेक गांवों के भाजपा कार्यकर्ताओं एवं आम लोगों का आंदोलन प्रतिदिन जारी है गत दिनों विशाल ट्रैक्टर रैली के आयोजन में करीब 200 ट्रैक्टरों से प्रदर्शन करते हुए उपखंड मुख्यालय चितलवाना में विरोध प्रदर्शन कर ज्ञापन दिया था। इसके बाद भाजपा के विधानसभा सांचौर से पूर्व प्रत्याशी रहे प्रवासी प्रकोष्ठ के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष मिलाचंद मेहता ने धरना स्थल झाब में जाकर धरनार्थियों का मनोबल बढ़ाया। उन्होंने राज्य सरकार द्वारा सांचौर जिला समाप्त करने और अब झाब पंचायत समिति बनाकर निरस्त करने के फैसले की कड़ी आलोचना की है उन्होंने कहा है कि इस हाथ से लेकर उसे हाथ छीना जनता के साथ खिलवाड़ है जिसे जनता जनार्दन बर्दाश्त नहीं करेगी। मिलाप चंद मेहता ने अपने बेबाकअंदाज में धरना दे रहे लोगों की प्रेरणा करते हुए कहा कि पहले तो सांचौर जिला छीना हमसे अब बच्चा कुछ। जब पंचायत समिति छीन ली जिला और पंचायत समिति कांग्रेस या बीजेपी का नहीं होता है,जनहित जन सुविधाओं और क्षेत्रीय आकांक्षाओं की पूर्ति के लिए जिला और पंचायत समिति बनाए जाते हैं और इनको खत्म करना लोकतांत्रिक व्यवस्था में स्वस्थ मानसिकता नहीं हो सकती हैं उन्होंने झाब को सभी पैरामीटरस पर खडा उतरने वाला बताया और सरकार से पूर्व जोर तरीके से मांग की क्षेत्रीय जनता कार्यकर्ताओं की भावनाओं और सभी वर्गों के विश्वास को कायम रखते हुए झाब का पंचायत समिति का दर्जा बहाल किया जाना चाहिए। मेहता के आने से लोगों में सक्रियता बड़ी तथा उनके समर्थक करने से धारणाधियों का मनोबल बढ़ा हुआ महसूस होता है मेहता मुंबई से विशाल रूप से झाब के धरने में उपस्थित होने के लिए मुंबई चुनाव संपन्न होते ही उपस्थित हुए उनके साथ पवन जैन, झाब पंचायत समिति बहाली आंदोलन तेज भाजपा के गढ भाकराराम सारण पादरड़ी, सज्जन पाल सिंह, भगाराम जाट सहित अनेक कार्यकर्ताओं भी धरना स्थल पर पहुंचे। झाब पंचायत समिति आंदोलन को लेकर क्षेत्र में आम कार्यकरताओ एवं जनता में रोज व्याप्त हैं इससे पहले गत दिनों चितलवाना उपखंड मुख्यालय पर ट्रैक्टर रैली के दौरान भी पूर्व मंत्री सुखराम बिश्नोई और राव मोहन सिंह चितलवाना ने भी धरनार्थियों का रैली में अचानक पहुंचकर समर्थन किया। झाब में आंदोलन को लेकर क्षेत्र में विधायक चौधरी के प्रति गुस्सा नजर आ रहा है और अनेक वर्गों ने उनके दबाव में आकर सरकार द्वारा झाब पंचायत समिति को मानदंडों के होते हुए भी हटाने में उनकी भूमिकाओं को नकारात्मक से ग्रसित बता रहे हैं। पूर्व विधायक जीवाराम चौधरी ने भादरूणा पंचायत समिति को लेकर समर्थन दिया जिसको लेकर लोगों का लगातार विरोध जारी है साथ ही भाजपा के गढ़ माने जाने वाले झाब को पंचायत समिति देने के बाद वापस छीन लेना कार्यकर्ताओं में भारी रोष देखने को मिल रहा हैं पंचायत समिति के चुनाव आने पर आगे भाजपा कार्यकर्ताओं ने चुनाव का बहिष्कार करने का भी ऐलान किया।

# सांचौर में नरेगा बचाओ जन आंदोलन की पूर्व मंत्री सुखराम बिश्नोई ने जनसंपर्क अभियान से की शुरुआत



सांचौर (रॉयल पत्रिका) । नरेगा बचाओ संग्राम जन आंदोलन के तहत सांचौर विधानसभा क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान की शुरुआत की गई। जो अभियान अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे,पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी एवं राजस्थान प्रदेश और कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के निर्देश पर शुरू किया गया। जनसंपर्क अभियान का नेतृत्व पूर्व राज्य मंत्री सुखराम बिश्नोई ने किया।उसके नेतृत्व में गांव जैसला, सुयाना, प्रजापति नगर एवं अचलपुर में घर-घर जाकर ग्रामीणों से संपर्क किया गया तथा उन्हें महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम नरेगा के महत्व से अवगत कराया गया। कांग्रेस नेताओं ने बताया कि वर्ष 2005 में संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन सरकार की ओर से लागू किया गया मनरेगा एक अधिकार आधारित कानून है,जिसके अंतर्गत प्रत्येक ग्रामीण परिवार को मजदूरी रोजगार की कानूनी गारंटी दी गई। यह योजना ग्रामीण आजीविका की रीढ़ रही है,जिससे हर वर्ष करोड़ों परिवार को रोजगार मिलता है और ग्रामीण क्षेत्र से होने वाले मजबूरी के पलायन में कमी आई है। जनसंपर्क के दौरान केंद्र सरकार की ओर से लगाए जा रहे हैं बीबी- ग्राम- जी अधिनियम पर कड़ा विरोध जताया गया। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि यह नया अधिनियम मनरेगा के मूल स्वरूप को समाप्त करने वाला है। इससे रोजगार की वैधानिक गारंटी खत्म होगी, निर्णय प्रतिक्रिया के केंद्रीकरण होगा तथा केंद्र सरकार का अनुसंधान लगभग 90% से घटकर 60% कर दिया जाएगा, जिससे आर्थिक बोझ राज्य सरकार एवं श्रमिकों पर पड़ेगा।

# एनएसएस विशेष शिविर के द्वितीय दिवस पर "जीवन जीने की कला" विषयक प्रेरणादायक कार्यक्रम आयोजित



पाली (रॉयल पत्रिका)। राजकीय बांगड़ स्नातकोत्तर महाविद्यालय, पाली में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के सात दिवसीय विशेष शिविर के द्वितीय दिवस पर "जीवन जीने की कला" विषय पर प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। राजकीय बांगड़ स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. महेंद्र सिंह राजपुरोहित ने बताया कि कार्यक्रम के प्रथम सत्र में आर्ट ऑफ लिविंग, पाली इकाई से पधारे प्रशिक्षक हंसराज ने स्वयंसेवकों को जीवन के महत्व, नैतिक मूल्यों एवं सकारात्मक सोच के बारे में जानकारी दी। उन्होंने श्वास-प्रश्वास एवं ध्यान की विभिन्न तकनीकों के माध्यम से मानसिक शांति, तनावमुक्त जीवन एवं आंतरिक ऊर्जा के विकास पर प्रकाश डाला। द्वितीय सत्र प्राकृतिक चिकित्सा विषय पर आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि पूर्व डिप्टी डायरेक्टर एवं वर्तमान में विद्या भारती जोधपुर प्रांत के संयोजक चेतन प्रकाश सेन रहे। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. महेंद्र सिंह राजपुरोहित ने अतिथि का स्वागत करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों को स्वस्थ एवं संतुलित जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करते हैं। मुख्य अतिथि चेतन प्रकाश सेन ने अपने उद्बोधन में प्राकृतिक जीवन पद्धति, संतुलित आहार, योग, प्राणायाम एवं प्राकृतिक उपचार विधियों की उपयोगिता पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि प्राकृतिक चिकित्सा से बिना दवाइयों के भी स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन संभव है। कार्यक्रम का संचालन सहायक आचार्य मनीष लोठ द्वारा किया गया। एनएसएस समन्वयक मानवी शेखावत ने अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी गोमाराम एवं मंजू देवासी का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर बड़ी संख्या में एनएसएस स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस पर इन्क्यूबेशन सेंटर, पाली में कार्यशाला आयोजित



पाली (रॉयल पत्रिका)। सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग के आई-स्टार्ट कार्यक्रम के अंतर्गत शुक्रवार को राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस के अवसर पर इन्क्यूबेशन सेंटर, पाली में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग संयुक्त निदेशक राजेश कुमार चौधरी ने बताया कि कार्यशाला में प्रोग्रामर प्रवीण भाटी ने स्टार्टअप की मौलिक तैयारी, आने वाली चुनौतियों तथा नवाचार के माध्यम से स्टार्टअप को धरातल पर उतारने की प्रक्रिया पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने इन्क्यूबेशन के माध्यम से स्टार्टअप को प्रदान की जाने वाली सहायता, मार्गदर्शन एवं संसाधनों के बारे में भी प्रतिभागियों को अवगत कराया। इन्क्यूबेशन सेंटर के मेंटर संदीप शर्मा, सूचना सहायक अभिषेक एवं जूनियर डोमेन एक्सपर्ट राजू मेंशन ने स्टार्टअप प्रारंभ करने की प्रक्रिया, पंजीकरण की विधि एवं आवश्यक औपचारिकताओं के बारे में जानकारी दी। कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों को स्टार्टअप की बारीकियों एवं तकनीकी नवाचारों के प्रति जागरूक करना रहा। इस अवसर पर स्टार्टअप उद्यमी दिनेश उज्ज्वल, मोहित, संदीप चौहान एवं भावना पंवार ने अपने-अपने स्टार्टअप की जानकारी साझा करते हुए अनुभव बताए। 12 दिसंबर 2025 को आयोजित राज्य स्तरीय नवाचार दिवस कार्यक्रम में पाली जिले के 6 स्टार्टअप को कुल 20.40 लाख रुपये की अनुदान राशि प्रदान की जा चुकी है। पंजीकृत स्टार्टअप्स को व्यवसाय विस्तार के लिए समय-समय पर नियमित मेंटरशिप भी उपलब्ध करवाई जाती है। आई-स्टार्ट राजस्थान सरकार की एक महत्वाकांक्षी पहल है, जिसका उद्देश्य उभरते उद्यमियों को मार्गदर्शन, संसाधन एवं वित्तीय सहयोग प्रदान करना है। वर्तमान में इन्क्यूबेशन सेंटर राजकीय बांगड़ महाविद्यालय परिसर में संचालित है, जहाँ स्टार्टअप पंजीकरण के पश्चात् इन्क्यूबेटर्स को एक वर्ष के लिए निःशुल्क बैठने की सुविधा प्रदान की जाती है। वर्तमान में इन्क्यूबेशन सेंटर में कुल 143 स्टार्टअप पंजीकृत हैं, जिनमें से 96 स्टार्टअप राज्य स्तर पर चयनित किए जा चुके हैं। कार्यक्रम में आरकेसीएल के जिला समन्वयक, सेंटर प्रभारी सहित विभिन्न विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# गीतांजली विश्वविद्यालय में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया मकर संक्रांति का पर्व



उदयपुर (रॉयल पत्रिका)। गीतांजली विश्वविद्यालय में मकर संक्रांति का पावन पर्व बड़े ही हर्षोल्लास एवं पारंपरिक उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय का परिसर रंग-बिरंगी पतंगों से सराबोर नजर आया और चारों ओर उत्सव का माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय की लीडरशिप टीम, प्राध्यापकगण, विद्यार्थी एवं स्टाफ सदस्यों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। सभी ने सामूहिक रूप से पतंग उड़ाने और पारंपरिक खेल सितोलिया खेलकर भारतीय संस्कृति और परंपराओं को जीवंत किया। मकर संक्रांति के इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों के बीच आपसी सौहार्द, सहयोग और सांस्कृतिक मूल्यों को बढ़ावा देना रहा। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों में खासा उत्साह देखने को मिला तथा सभी ने इस पर्व को मिल-जुलकर मनाने का आनंद उठाया। विश्वविद्यालय प्रशासन ने ऐसे आयोजनों को सांस्कृतिक विरासत से जुड़ने और सकारात्मक वातावरण निर्माण के लिए महत्वपूर्ण बताया। आयोजन ने गीतांजली विश्वविद्यालय के पारिवारिक एवं सांस्कृतिक परिवेश को और अधिक सशक्त किया।

**आवश्यकता**

जयपुर से प्रकाशित होने वाले अख़बार "रॉयल पत्रिका" को सीकर, झुंझुनूं के लिए रिपोर्टर की आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार। संपर्क करें - 8058969180/9799559096

# चांदपोल से लेकर रेलवे स्टेशन तक एकमात्र बिजनेस सेंटर जिसमें पूरी तरह पार्किंग की सुविधा उपलब्ध है

***-बेहतरीन कनेक्टिविटी और मॉडर्न सुविधाओं से लैस 5 मंजिला कॉम्प्लेक्स, 100% लोन सुविधा के साथ ऑफिस उपलब्ध***

***-जयपुर के 'हार्ट' में बिजनेस को दें नई उड़ान: सिंधी कैंप और रेलवे स्टेशन के पास 'मयंक ट्रेड सेंटर' बना नया कॉर्पोरेट हब***



**पार्किंग की फुल सुविधा**

मयंक ट्रेड सेंटर चांदपोल से लेकर सिंधी कैंप, रेलवे स्टेशन एवं संसार चंद्र रोड के आसपास एकमात्र ऐसा बिजनेस कंपलेक्स है जिसमें पूरी तरह यहां आने-जाने वालों फोरव्हीलर और टूव्हीलर वाहन चालकों के लिए पूरी पार्किंग सुविधा है। मयंक ट्रेड सेंटर को सुविधाजनक पार्किंग होने के कारण दूसरे बिजनेस कंपलेक्स एवं बिजनेस सेंटर से अलग पहचान देती है। सिंधी कैंप क्षेत्र में व्यापार करने या जरूरत की वस्तुएं खरीदने आने वालों के लिए पार्किंग की सुविधा बहुत कम मिलती है। वाहन चालक हमेशा ही गाड़ी पार्क करने को लेकर चिंतित रहते हैं। मयूर ट्रेड सेंटर में फुल पार्किंग की सुविधा इसको दूसरे बिजनेस सेंटरों से अलग पहचान देती है।

जयपुर। गुलाबी नगरी जयपुर में अब अपने सपनों का ऑफिस बनाना और भी आसान हो गया है। शहर के बिल्कुल केंद्र (Centre of Jaipur) में स्थित 'मयंक ट्रेड सेंटर'में व्यापारियों और प्रोफेशनल्स के लिए ऑफिसेज सुनहरा मौका है। स्टेशन रोड स्थित यह 5 मंजिला अत्याधुनिक कमर्शियल कॉम्प्लेक्स अब जयपुर का नया बिजनेस लैंडमार्क बनकर उभर रहा है।

**कनेक्टिविटी है सबसे बड़ी यूएसपी (USP)-**

किसी भी बिजनेस की सफलता उसकी लोकेशन पर निर्भर करती है। मयंक ट्रेड सेंटर की सबसे बड़ी खासियत इसकी 'सुगम कनेक्टिविटी' है। सिंधी कैंप बस स्टैंड, सिंधी कैंप मेट्रो स्टेशन और जयपुर रेलवे स्टेशन से महज चंद कदमों की दूरी पर स्थित होने के कारण यहां ग्राहकों और क्लाइंट्स का पहुंचना बेहद आसान है। साथ ही, चांदपोल स्टेशन की निकटता इसे शहर के हेरिटेज और आधुनिक दोनों हिस्सों से जोड़ती है। प्रमुख संस्थानों का केंद्र यह सेंटर शहर के प्राइम लोकेशंस जैसे कलेक्ट्रेट, न्यायालय (Court), एमआई रोड, सी-स्कीम और सिविल लाइंस के बेहद करीब है। इसी वजह से यह लोकेशन एडवोकेट्स, चार्टर्ड अकाउंटेंट्स (CA), आर्किटेक्ट्स और मीडिया प्रोफेशनल्स के लिए पहली पसंद बन रही है। इसके अलावा टूर एंड ट्रेवल्स, ज्वैलर्स, सॉफ्टवेयर कंपनियों, बैंगल्स कारोबार, बैंकर्स, MNCs और कॉरपोरेट ऑफिसेज के लिए यह एक आदर्श स्थान है। आधुनिक सुविधाएं और सुरक्षा मयंक ट्रेड सेंटर को आधुनिक कॉर्पोरेट जरूरतों को ध्यान में रखकर डिजाइन किया गया है। बिल्डिंग में फुल पार्किंग स्पेस, हाई-स्पीड लिफ्ट सुविधा और 24x7 सिक्योरिटी की पुख्ता व्यवस्था है, जो यहां काम करने वाले लोगों और विजिटर्स को एक सुरक्षित और आरामदायक माहौल प्रदान करती है। हर बजट के लिए ऑफिस स्पेस यहां छोटे स्टार्टअप से लेकर बड़ी कंपनियों तक, सभी के लिए जगह उपलब्ध है। सेंटर में 100 से लेकर 1500 स्क्वायर फीट तक के ऑफिस स्पेस उपलब्ध हैं। सबसे खास बात यह है कि खरीदारों और निवेशकों के लिए 100% लोन (Loanable) की सुविधा भी उपलब्ध कराई जा रही है, जिससे निवेश करना और भी आसान हो गया है।

**संपर्क सूत्र: इस प्राइम लोकेशन पर अपने बिजनेस को स्थापित करने या निवेश के सुनहरे अवसर के लिए इच्छुक खरीदार 8386947005 पर संपर्क कर सकते हैं।**

## शोधार्थी मोहम्मद इस्लाम को पीएचडी उपाधि



जोधपुर (रॉयल पत्रिका)। मौलाना आज़ाद यूनिवर्सिटी, जोधपुर के शोधार्थी मोहम्मद इस्लाम को पीएचडी की उपाधि प्रदान की है। डॉ. मोहम्मद इस्लाम ने अपना शोध कार्य "इंटीग्रेटिंग मशीन लर्निंग विथ बिग डाटा एनालिटिक्स : एक्सप्लोरिंग रियल - वर्ल्ड एप्लीकेशन्स एंड इम्प्लिकेशन्स" विषय पर पूरा किया। यह शोध कार्य डॉ. आशिष शर्मा के मार्गदर्शन हुआ।






# भाजपा "सबका साथ-सबका विकास" की नीति पर काम करती है - हमीद मेवाती

***-भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा अजमेर संभाग की बैठक सम्पन्न, प्रदेशाध्यक्ष हमीद खान मेवाती का हुआ भव्य स्वागत***



अजमेर। भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा, अजमेर संभाग अल्पसंख्यक स्नेह संवाद कार्यक्रम बैठक भाजपा कार्यालय, अजमेर में आयोजित की गई। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के पुनः प्रदेशाध्यक्ष बनने के पश्चात हमीद खान मेवाती के अजमेर आगमन पर यह बैठक आयोजित की गई, जिसमें उन्होंने अजमेर संभाग के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। बैठक को संबोधित करते हुए मेवाती ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी "सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास" की रीति-नीति पर कार्य करती है। उन्होंने कहा कि आगामी पंचायत राज चुनावों में अधिक से अधिक अल्पसंख्यक समाज को भाजपा से जोड़कर संगठन को मजबूत किया जाए। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि पंचायत राज चुनावों में अल्पसंख्यक समाज को अधिक से अधिक प्रतिनिधित्व दिलाने हेतु पार्टी से टिकट दिए जाने की मांग को संगठन के माध्यम से मजबूती से रखा जाएगा। अजमेर आगमन पर घूघरा स्थित कार्यालय पर अजमेर देहात के सैकड़ों कार्यकर्ताओं द्वारा पूर्व जिलाध्यक्ष गुलाम मुस्तफा के नेतृत्व में मेवाती का भव्य स्वागत किया गया। इसके पश्चात भाजपा कार्यालय, अजमेर में शहर अध्यक्ष शफीक खान के नेतृत्व में 51 किलो की पुष्पमाला एवं साफा पहनाकर उनका भव्य अभिनंदन किया गया। इसके बाद दिल्ली गेट पर अमान खान के नेतृत्व में माला एवं साफा पहनाकर स्वागत किया गया। तत्पश्चात नवनियुक्त प्रदेशाध्यक्ष मेवाती दरगाह शरीफ जियारत हेतु पहुंचे, जहां पूर्व वक्फ बोर्ड चेयरमैन अतीक अहमद खान के नेतृत्व में उनका भव्य स्वागत किया गया। इसके उपरांत मेवाती ने भाजपा पदाधिकारियों के साथ आस्ताना शरीफ में चादर एवं फूल पेश कर देश में अमन-चैन, भाईचारा एवं सौहार्द बनाए रखने की दुआ की। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष अय्यूब खान, जंग बहादुर पठान, प्रदेश मंत्री कासिम राठौड़, विकार खान, हमीद शेख, जावेद खान, सह-संयोजक नवाब कुरैशी, शाहुल हमीद, रज्जाक खान, अय्यूब ऊटड़ा, बहादुर खान ऊटड़ा, जमील कुरैशी सहित अजमेर संभाग के सैकड़ों पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सुप्रीम कोर्ट ने मुख्तार अंसारी के बेटे को दी जमानत

***-इन शर्तों के साथ जेल से छूटे अब्बास अंसारी***



यूपी। सुप्रीम कोर्ट ने यूपी के मऊ से विधायक अब्बास अंसारी को गैंगस्टर एक्ट केस में जमानत दे दी है। सुप्रीम कोर्ट ने यूपी के मऊ से विधायक अब्बास अंसारी को गैंगस्टर एक्ट केस में जमानत दे दी है। कोर्ट ने पिछले साल दी अंतरिम जमानत को नियमित जमानत में बदल दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अंतरिम जमानत के दौरान अब्बास का आचरण सही रहा, जिसके आधार पर जमानत को नियमित किया जा रहा है।

**सुप्रीम कोर्ट ने शर्तों के साथ दी जमानत**

सुप्रीम कोर्ट ने अब्बास की जमानत के साथ कुछ शर्तें भी लगाई हैं। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि अब्बास को उत्तर प्रदेश छोड़ने से पहले पुलिस और प्रशासन को जानकारी देनी होगी। वह कानून व्यवस्था और जांच प्रक्रिया में कोई बाधा नहीं डालेंगे। साथ ही वह सभी तय शर्तों का पालन करेंगे।

**बचाव पक्ष ने केस के निपटारे की दलीलें दीं**

भारत के CJI सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्य बागची और जस्टिस विपुल एम पंचोली की बेंच ने सुनवाई की। अब्बास अंसारी की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल और निजाम पाशा ने दलीलें रखीं। बचाव पक्ष ने दलील देते हुए कहा कि अब्बास काफी समय से जेल में हैं, केस की जांच लगभग पूरी हो चुकी है और केस के निपटारे में समय लग सकता है। इस वजह से अब्बास को जमानत मिलनी चाहिए।

**2024 में गैंगस्टर मामले में गिरफ्तार हुए थे अब्बास**

4 नवंबर 2022 को अब्बास अंसारी को अन्य आपराधिक मामलों में हिरासत में लिया गया था। इसके बाद चित्रकूट के कोतवाली कर्वी थाने में 31 अगस्त 2024 को अब्बास के खिलाफ जबरन वसूली और मारपीट को लेकर रिपोर्ट दर्ज की गई थी। 6 सितंबर 2024 को गैंगस्टर एक्ट के तहत अब्बास गिरफ्तार किया गया। मार्च 2025 में उन्हें राहत देते हुए, बेंच ने गैंगस्टर एक्ट मामले को छोड़कर अन्य सभी आपराधिक मामलों में जमानत दे दी थी। अब सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें गैंगस्टर मामले में भी रिहा कर दिया है।

# देश में नफरत फैलाने वाली मानसिकता को दी जा रही छूट - महमूद मदनी



नई दिल्ली। जमीयत उलेमा-ए-हिंद के अध्यक्ष एवं पूर्व राज्यसभा सांसद मौलाना महमूद मदनी ने बिहार में निशाना बनाकर वर्ग विशेष के लोगों के साथ हो रही मॉब लिंचिंग पर गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने सीएम नीतीश कुमार को भेजे पत्र में दोषियों के खिलाफ तत्काल, प्रभावी और निर्णायक कार्रवाई की मांग की है। मौलाना महमूद मदनी ने मीडिया में जारी बयान में कहा कि देश में नफरत फैलाने वाली मानसिकता को खुली छूट दी जा रही है। जिसमें असामाजिक तत्वों के साथ-साथ संसद और विधानसभा तक के जनप्रतिनिधि भी शामिल हैं। कहा कि बिहार के नवादा जिले में कपड़ा व्यापारी अतहर हुसैन के साथ की गई बर्बरता और उनकी मृत्यु, गोपालगंज के मठिया गांव में अहमद आजाद को मांस रखने के संदेह में बिजली के खंभे से बांधकर पीटे जाने की घटना, मधुबनी जिले के चकदहा बस्ती में मुर्शिद आलम को बांग्लादेशी बताकर यातनाएं पहुंचाना, झंझारपुर में मामूली विवाद के बाद कय्यूम की हत्या और मधेपुरा जिले के भैरोपट्टी गांव में विधवा हिना का अपहरण कर सामूहिक दुष्कर्म और नृशंस हत्या जैसी घटनाएं दिल दहला देने वाली हैं। कहा कि इन सब घटनाओं का जिक्र करते हुए बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को पत्र लिख कर चिंता व्यक्त की गई है। कहा कि पत्र में जमीयत द्वारा इन सभी मामलों में संलिप्त आरोपियों के खिलाफ शीघ्र, पारदर्शी और निष्पक्ष कार्रवाई किए जाने की मांग की गई है।

# एसडीपीआई का राष्ट्रीय प्रतिनिधि सम्मेलन 20, 21 जनवरी को मेंगलोर में आयोजित होगा

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इंडिया (एस डी पी आई) का राष्ट्रीय प्रतिनिधि सम्मेलन आगामी 20 व 21 जनवरी को कर्नाटक के मेंगलोर शहर में आयोजित किया जा रहा है। पार्टी के प्रदेश महासचिव नदीम अख्तर ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि एस डी पी आई के इस राष्ट्रीय कार्यक्रम में देश भर से प्रदेश कमेटियों के




प्रतिनिधि इस मे शामिल होंगे, इस दो दिवसीय कार्यक्रम में पार्टी की आगामी राष्ट्रीय कार्यकारणी तथा राष्ट्रीय पदाधिकारियों को वहाँ उपस्थित प्रतिनिधियों के समक्ष चुन कर घोषणा की जाएगी जो कि अगले तीन सालों तक अपना कार्यकाल चलाएगी। इस अवसर पर एस डी पी आई की युवा इकाई की भी घोषणा की जाएगी जो कि जल्दी ही देश भर के युवाओं को एस डी पी आई से जोड़ कर राष्ट्रीय एवं प्रदेश स्तर पर अपनी कार्यकारणीयों का गठन करेगी। इस आयोजन में राजस्थान प्रदेश कमेटी का प्रतिनिधि मंडल भी सदस्यों के रूप में शामिल रहेगा।

# अस्पताल भवन निर्माण कराने के लिए सम्मानित किया



भीलवाडा (रॉयल पत्रिका)। जिला कांग्रेस कमेटी भीलवाडा की ओर से आयोजित सम्मान समारोह मे दाई हलिमा मैटरनिटी और जनरल हास्पीटल ट्रस्ट के चेयरमैन मोहम्मद रफीक अंसारी, सेक्रेटरी मोहम्मद असलम खान, सलाहकार शबबीर अहमद शेख का सम्मान उनके द्वारा कठिन मेहनत कर अस्पताल भवन का निर्माण कराने के लिए किया गया। इस अवसर पर प्रकोष्ठ के प्रदेशाध्यक्ष डॉ. विकास महला, महासचिव डॉ. अभिलाष मीणा व अन्य जिला कांग्रेस कमेटी वरिष्ठ नेता और जिले भर से आये प्रकोष्ठ के सदस्य मौजूद रहे।

# असदुद्दीन ओवैसी को भारत रत्न देने की मांग

महराजगंज। ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के जिलाध्यक्ष सरवर खान के नेतृत्व में शनिवार को प्रतिनिधिमंडल ने डीएम को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान एआईएमआईएम प्रमुख बैरिस्टर असदुद्दीन ओवैसी को भारत का सर्वोच्च नागरिक सम्मान "भारत रत्न" से नवाजने की मांग की गई। ज्ञापन में कहा गया है कि असदुद्दीन ओवैसी पिछले कई दशकों से शिक्षा, गरीबी उन्मूलन, सामाजिक न्याय और गंगा-जमुनी तहजीब (सांप्रदायिक सद्भाव) को मजबूत करने में अहम भूमिका निभा रहे हैं। उनके नेतृत्व में दारूस्लाम एजुकेशनल ट्रस्ट के माध्यम से इंजीनियरिंग, मेडिकल, फार्मेसी, मैनेजमेंट सहित दर्जनों संस्थानों में अल्पसंख्यक और गरीब समुदाय के हजारों युवा-युवतियों को उच्च शिक्षा प्रदान की जा रही है। जिलाध्यक्ष सरवर खान ने कहा कि राष्ट्रपति से अपील है कि असदुद्दीन ओवैसी को भारत रत्न प्रदान कर देश को संदेश दिया जाए कि भारत सभी वर्गों और समुदायों के योगदान को सम्मान देता है। ज्ञापन सौंपने के दौरान वसी अहमद, शफी मोहम्मद, मुबारक, सलीम, हाफिज अली मौजूद रहे।









मुद्रक, प्रकाशक व स्वत्वाधिकारी आरपी न्यूज़ नेटवर्क प्राईवेट लिमिटेड के लिये अम्बर ऑफसेट प्राईवेट लिमिटेड, 3 A, डी.एल. टॉवर, विध्याश्रम इंस्टीट्यूशनल एरिया, जे.एल.एन. मार्ग, जयपुर से मुद्रित तथा रॉयल पत्रिका कार्यालय: 4312, मोहल्ला नायकान, नाहरवाड़ा, जगन्नाथ शाह का रास्ता, रामगंज, जयपुर से प्रकाशित। पीआरबी एक्ट के अनुसार खबरों के चयन के लिए उत्तरदायित्व संपादक मुन्ना खान मोबाइल नंबर 9772552446, 8058969180 ई-मेल:rpnewsnetworkpvt.ltd@gmail.com